▪ आषाढ़ शुक्ल - 4 ▪ संवत 2081 ▪ वर्ष - 19 ▪ अंक - 342 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- बेंगलूरु » बुधवार » 10-07-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : news@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 युवाओं को बेरोजगार बनाए रखना मोदी सरकार का एकमात्र मिशन : खरगे

6 आम बजट : फिर जागी वरिष्ठ नागरिकों की उमीद

7 फेडरर के साथ बल्लेबाजी करना पसंद करूंगा : तेंदुलकर



## फर्स्ट टेक

### सिख 'फॉर जस्टिस' पर प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने खालिस्तान समर्थक समूह 'सिख फॉर जस्टिस' (एसएफजे) पर भारत विरोधी गतिविधियों के कारण लगाया गया प्रतिबंध पांच साल के लिए बढ़ा दिया है। गृह मंत्रालय ने मंगलवार को जारी एक अधिसूचना में कहा कि एसएफजे को पांच साल पहले गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत प्रतिबंधित संगठन घोषित किया गया था, क्योंकि इसकी राष्ट्र विरोधी गतिविधियां देश की आंतरिक सुरक्षा और अखंडता के लिए हानिकारक हैं। इसमें कहा गया है कि एसएफजे पंजाब और अन्य जगहों पर राष्ट्र-विरोधी और विध्वंसक गतिविधियों में संलिप्त है तथा इसका इरादा भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बाधित करना है। मंत्रालय ने कहा कि एसएफजे भारतीय क्षेत्र के एक हिस्से को भारत संघ से अलग करने के लिए गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है और उनकी मदद कर रहा है।

### यमन के हूती विद्रोहियों का अदन की खाड़ी में एक जहाज पर संदिग्ध हमला

**दुबई/एपी।** यमन के हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को अदन की खाड़ी में एक जहाज को कथित तौर पर निशाना बनाया। यह इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग पर हुआ नवीनतम हमला है जिसके लिए विद्रोही समूह को जिम्मेदार माना जा रहा है। ब्रिटिश सेना के 'यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशन सेंटर' (यूकेएमटीओ)ने बताया कि जहाज के कप्तान ने ओमान की सीमा के नजदीक यमन के निश्तून तट के निकट जहाज के करीब धमाका होने की सूचना दी है। यूकेएमटीओ ने जहाज के नाम या स्वामित्व की जानकारी नहीं दी है लेकिन बताया है कि चालक दल के सभी सदस्य सुरक्षित हैं।

### विधानसभा की 13 सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान आज

**नई दिल्ली/भाषा।** सात राज्यों की 13 विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए मतदान बुधवार को होगा। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार हो रहे चुनाव में कई दिग्गजों सहित चुनाव मैदान में पहली बार कदम रख रही हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी कमलेश ठाकुर भी अपनी किस्मत आजमा रही हैं। जिन विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है, उनमें रायगंज, राणाघाट दक्षिण, बागदा व मानिकतला (पश्चिम बंगाल), बद्रीनाथ व मंगलौर (उत्तराखंड), जालंधर पश्चिम (पंजाब), देहरा, हमीरपुर व नालागढ़ (हिमाचल प्रदेश), रुपौली (बिहार), विक्रावंडी (तमिलनाडु) और अमरवाड़ा (मध्यप्रदेश) शामिल है।

| सूर्यास्त 10-07-2024 | सूर्योदय 11-07-2024 |
|---|---|
| 6:50 बजे | 5:59 बजे |

| BSE | NSE |
|---|---|
| 80,351.64 | 24,433.20 |
| (+391.26) | (+112.65) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,599 रु. | 94,850 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### आतंक ऑल आउट

सेना देगी अब आउटपुट,
जितना पब्लिक देगी इनपुट।
आतंकी हैं मच्छर जैसे,
कर दो इनको अब ऑल आउट।
कुछ भी ना वे कर पाएंगे,
चाहे जितना कर लें साउट।
पर जन्मे जिस नापाक जगह,
कब होगी स्वच्छ यही डाउट।



#### रूस के सर्वोच्च राजकीय सम्मान

### 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्र्यू द एपोसल' से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सम्मानित

**मॉस्को/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने आधिकारिक रूप से 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्र्यू एपोसल' पुरस्कार से सम्मानित किया। मोदी को दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने की दिशा में असाधारण सेवाओं के लिए इस सम्मान से नवाजा गया है। उन्होंने यहां एक समारोह में पुरस्कार प्राप्त करने के बाद 'एक्स' पर लिखा, ''ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्र्यू द एपोसल पुरस्कार प्राप्त करके सम्मानित महसूस कर रहा हूं। मैं इसे भारत की जनता को समर्पित करता हूं।'' वर्ष 1698 में यीशू के प्रथम प्रचारक और रूस के संरक्षक संत सेंट एंड्र्यू के सम्मान में जार पीटर द ग्रेट द्वारा स्थापित 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्र्यू द एपोसल' रूस का सर्वोच्च राजकीय सम्मान है।

#### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहा

# बम, बंदूकों और गोलियों के बीच शांति के प्रयास सफल नहीं होते

## शांति बहाली के लिए भारत हरसंभव तरीकों से सहयोग को तैयार है

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मॉस्को/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक स्पष्ट संदेश देते हुए मंगलवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से कहा कि यूक्रेन संघर्ष का समाधान युद्धक्षेत्र में संभव नहीं है और बम, बंदूकों तथा गोलियों के बीच शांति वार्ता सफल नहीं होती। रूसी राष्ट्रपति कार्यालय 'क्रेमलिन' में पुतिन के साथ शिखरवार्ता से पहले, अपने प्रारंभिक वक्तव्य में मोदी ने जाहिर तौर पर यूक्रेन में बच्चों के एक अस्पताल पर बम हमले का जिक्र करते हुए कहा कि बेगुनाह बच्चों की मौत हृदय-विदारक और बहुत पीड़ादायी है।

एक दिन पहले ही कीव में बच्चों के एक अस्पताल पर एक संदिग्ध रूसी मिसाइल से हमला किया गया, जिस पर वैश्विक स्तर पर नाराजगी जताई गई है।

प्रधानमंत्री मोदी ने टेलीविजन पर प्रसारित अपने वक्तव्य में कहा, ''युद्ध हो, संघर्ष हो या आतंकवादी हमले हों, अगर लोगों की जान जाती है तो मानवता में विश्वास करने वाला हर व्यक्ति दुखी होता है। उस पर भी यदि बेगुनाह बच्चों की हत्या हो, जब हम निर्दोष बच्चों को मरते हुए देखते हैं तो यह हृदय-विदारक और बहुत पीड़ादायी होता है।''

प्रधानमंत्री मोदी की ये टिप्पणियां रूस के लिए अहम मानी जा रही हैं। इससे कुछ घंटे पहले ही यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने पुतिन से गले मिलने पर मोदी की आलोचना की थी।

मोदी ने सोमवार रात पुतिन के साथ निजी बैठक में हुई अपनी विस्तृत अनौपचारिक बातचीत का भी जिक्र किया और कहा कि संवाद ही समाधान का एकमात्र रास्ता है। उन्होंने कहा, ''नई पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य के लिए शांति अत्यंत आवश्यक है। युद्धक्षेत्र में समाधान संभव नहीं है....बम, बंदूकों और गोलियों के बीच शांति वार्ता सफल नहीं होती। हमें संवाद के माध्यम से शांति का रास्ता खोजना होगा।''

प्रधानमंत्री ने वैश्विक समुदाय को आश्वासन दिया कि भारत शांति के पक्ष में है और संघर्ष का हल बातचीत से होना चाहिए। मोदी ने कहा, ''शांति बहाली के लिए भारत हरसंभव तरीकों से सहयोग को तैयार है।''

प्रधानमंत्री ने कहा कि वह इस बात से संतुष्ट हैं कि पुतिन ने सोमवार को हुई बैठक में पूरी तरह खुलकर अपने विचार रखे और इससे कई 'दिलचस्प विचार' और 'नई सोच' सामने आई।

पुतिन ने अपने बयान में यूक्रेन संकट का हल निकालने के तरीके खोजने के लिए मोदी के प्रयासों की सराहना की। पुतिन ने कहा, ''आप सबसे ज्वलंत मुद्दों पर जिस तरह ध्यान देते हैं, उसकी मैं सराहना करता हूं। इसमें मुख्य रूप से शांतिपूर्ण तरीकों से यूक्रेन संकट का समाधान निकालने के तरीके खोजने की दिशा में आपके प्रयास शामिल हैं।''

मोदी दो दिवसीय रूस यात्रा पर सोमवार को मॉस्को पहुंचे और आज पुतिन के साथ उन्होंने 22वीं भारत-रूस वार्षिक शिखरवार्ता में भाग लिया। यूक्रेन संघर्ष के मद्देनजर पश्चिमी देश इस यात्रा पर लगातार नजर रखे हुए हैं।


### भारत, रूस ने वर्ष 2030 तक व्यापार को 100 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा

**नई दिल्ली/ मॉस्को/भाषा।** भारत और रूस ने आपसी व्यापार को वर्ष 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक पहुंचाने पर बुधवार को सहमति जताई। यह लक्ष्य निवेश को बढ़ावा देकर, आपसी व्यापार के लिए राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग और ऊर्जा से लेकर कृषि एवं बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाकर हासिल किया जाएगा।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच मॉस्को में आयोजित 22वीं वार्षिक द्विपक्षीय शिखर बैठक के बाद जारी संयुक्त बयान में दोनों पक्षों ने विशेष और विशेषाधिकार-प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने की प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों पक्षों ने रूस-भारत व्यापार और आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देकर द्विपक्षीय बातचीत को अतिरिक्त प्रोत्साहन देने की बात भी कही। दोनों देशों ने सहयोग के नौ प्रमुख क्षेत्रों पर सहमति व्यक्त की। इनमें व्यापार, राष्ट्रीय मुद्राओं का उपयोग करके व्यापार निपटान, उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे जैसे नए मार्गों के जरिए माल परिवहन कारोबार में वृद्धि शामिल हैं।

सहयोग के अन्य क्षेत्रों में कृषि उत्पादों, खाद्य और उर्वरक व्यापार में वृद्धि, परमाणु ऊर्जा सहित ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करना, बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बातचीत को मजबूत करना, डिजिटल अर्थव्यवस्था में निवेश और संयुक्त परियोजनाओं को बढ़ावा देना, दवाओं की आपूर्ति में सहयोग और मानवीय सहयोग को प्रोत्साहन शामिल है।

### भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच बने गौतम गंभीर



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत की विश्व कप टीम के सदस्य रहे पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर को मंगलवार को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया। बोर्ड को उम्मीद है कि वह इस पद पर 'दृढ़ता और नेतृत्व क्षमता' लाएंगे जिस पर हाल तक राहुल द्रविड़ 'शानदार सफलता' के साथ काबिज थे। भारत की 2011 एकदिवसीय विश्व कप जीत में अहम भूमिका निभाने वाले 42 वर्षीय बाएं हाथ के बल्लेबाज गंभीर द्रविड़ की जगह लेने की दौड़ में सबसे आगे थे। द्रविड़ का कार्यकाल पिछले महीने बारबाडोस में टी20 विश्व कप में भारत की जीत के साथ समाप्त हुआ था। बीसीसीआई के एक बयान में गंभीर ने कहा, ''अपने तिरंगे, अपने लोगों और अपने देश की सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात है।'' उन्होंने कहा, ''मैं इस अवसर पर राहुल द्रविड़ और उनके सहयोगी स्टाफ को टीम के साथ उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देना चाहता हूं। मैं टीम इंडिया के मुख्य कोच की भूमिका निभाने को लेकर सम्मानित और रोमांचिक महसूस कर रहा हूं।'' गंभीर ने कहा, ''अपने खेलने के दिनों से ही भारतीय जर्सी पहनने पर मुझे हमेशा गर्व होता था और जब मैं यह नई भूमिका निभाऊंगा तो यह उससे अलग नहीं होगा।'' गंभीर ने कहा कि वह बीसीसीआई, राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण, सहयोगी स्टाफ और सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ियों के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं क्योंकि सभी आगामी टूर्नामेंटों में सफलता हासिल करने की दिशा में काम करेंगे।

#### नीट-यूजी लीक मामला

### सीबीआई ने दो और लोगों को पटना से गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली/भाषा।** सीबीआई ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी' प्रश्नपत्र के कथित लीक मामले में एक अभ्यर्थी समेत दो और लोगों को पटना से गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही एजेंसी द्वारा मामले में गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 11 हो गई है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नालंदा निवासी नीट-यूजी अभ्यर्थी सन्नी और गया निवासी अन्य अभ्यर्थी रंजीत कुमार के पिता को गिरफ्तार किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक बिहार से आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि गुजरात के लातूर और गोधरा में कथित हेराफेरी के सिलसिले में एक-एक व्यक्ति को तथा साजिश के सिलसिले में देहरादून से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

### नई चुनौतियां भी पैदा कर रहा है तकनीकी विकास : राष्ट्रपति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**भुवनेश्वर/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि नए तकनीकी विकास समाज को क्षमताएं प्रदान कर रहे हैं, लेकिन साथ ही वे मानवता के लिए नई चुनौतियां भी पैदा कर रहे हैं।

मुर्मू भुवनेश्वर स्थित राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (एनआईएसईआर) के 13वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, ''आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बहुत तेजी से बदलाव हो रहे हैं। विज्ञान के वरदान के साथ-साथ उसके अभिशाप का खतरा भी हमेशा बना रहता है। इसी तरह, नए तकनीकी विकास मानव समाज को क्षमताएं प्रदान कर रहे हैं, लेकिन साथ ही, वे मानवता के लिए नई चुनौतियां भी पैदा कर रहे हैं।''

जीन एडिटिंग को आसान बनाने वाली सीआरआईएसपीआर-सीएएस9 का उदाहरण देते हुए राष्ट्रपति ने कहा, ''यह तकनीक कई असाध्य बीमारियों के समाधान की दिशा में एक बड़ा कदम है। हालांकि, इस तकनीक के इस्तेमाल से नैतिक और सामाजिक मुद्दों से जुड़ी समस्याएं भी पैदा हो रही हैं।'' उन्होंने कहा कि जनरेटिव आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में प्रगति के कारण 'डीप फेक' की समस्या और कई नियामक चुनौतियां सामने आ रही हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी हुई कि एनआईएसईआर विज्ञान की तार्किकता और परंपरा के मूल्यों को साथ लेकर आगे बढ़ रहा है।

### 'डांस इंडिया डांस' के फाइनल प्रतिभागी पर महिला से धोखाधड़ी का आरोप

**मुंबई/भाषा।** मुंबई पुलिस ने टीवी रिएलटी शो 'डांस इंडिया डांस' के पहले सत्र में अंतिम प्रतिभागियों में शामिल रहे जयकुमार नायर के खिलाफ एक महिला से क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करने पर उच्च मुनाफा दिलाने के नाम पर कथित तौर पर 20 लाख की धोखाधड़ी करने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ओशिवारा पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में शिकायत दीप्ति असीजा ने दर्ज कराई है, जो नकली आभूषणों का कारोबार करती हैं। अधिकारी ने बताया प्राथमिकी के आधार पर बताया कि असीजा अपने एक साझा मित्र के जरिये नायर के संपर्क में आई थी। नवंबर 2022 में उसने उसे छह लाख रुपये दिए और फिर दो किस्तों में कुल 14 लाख रुपये दिए।

### कर्नाटक में बारिश से 3,714 मकान क्षतिग्रस्त, डेंगू से सात की मौत : सिद्दरामैया




**बेंगलूरु/भाषा।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने मंगलवार को कहा कि राज्य में भारी बारिश की वजह से 3,714 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं और इन मकानों के मालिकों को राज्य आपदा मोचन कोष (एसडीआरएफ) से मुआवजा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य में डेंगू से सात लोगों की मौत हुई है जबकि मच्छर से फैलने वाली इस बीमारी से 703 लोग संक्रमित हुए हैं। मानसून संबंधी तैयारियों को लेकर जिला उपायुक्तों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के बाद सिद्दरामैया ने संवाददाताओं से बातचीत में कहा, '' अबतक 3,714 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। उन्हें एसडीआरएफ के नियमों के तहत मुआवजा दिया जाएगा। आज की तारीख तक उपायुक्तों के पीडी खातों में 783.69 करोड़ की राशि है। धन की कोई कमी नहीं है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में जब भी बाढ़ आती है तो मलनाड और तटीय कर्नाटक क्षेत्र के कम से कम 20.38 लोग प्रभावित होते हैं।

### जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार को फिर से खोलने की सिफारिश करेगी समिति

**भुवनेश्वर/भाषा।** पुरी के जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार के सिलसिले में गठित उच्च स्तरीय समिति ने ओडिशा सरकार को 14 जुलाई को खजाने के आंतरिक कक्ष को फिर से खोलने की सिफारिश करने का फैसला किया है। समिति के एक सदस्य ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुरी में समिति के सदस्यों की एक बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया।

रत्न भंडार में संग्रहित मूल्यवान वस्तुओं की सूची बनाने की निगरानी के लिए समिति का गठन किया गया था। समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ ने कहा, ''हमने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि समिति सरकार से 14 जुलाई को रत्न भंडार के आंतरिक कक्ष को फिर से खोलने का अनुरोध करेगी।'' रत्न भंडार को आखिरी बार 46 साल पहले 1978 में खोला गया था। रथ ने बताया कि श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन (एसजेटीए) के मुख्य प्रशासक को इस बैठक के दौरान समिति के समक्ष रत्न भंडार की डुप्लीकेट चाबी पेश करने के लिए कहा गया।



#### बीएमडब्ल्यू से टक्कर मारने के मामले में

### फरार मुख्य आरोपी मिहिर शाह को मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया

**मुंबई/भाषा।** मुंबई पुलिस ने बीएमडब्ल्यू कार से एक दोपहिया वाहन को कथित तौर पर टक्कर मारने की घटना के दो दिन बाद फरार आरोपी 24 वर्षीय मिहिर शाह को गिरफ्तार कर लिया।

शिवसेना नेता राजेश शाह का बेटा मिहिर उस बीएमडब्ल्यू कार को चला रहा था, जिसने एक स्कूटर को टक्कर मार दी थी। घटना में स्कूटर सवार एक महिला की मौत हो गई थी और उसका पति घायल हो गया था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि रविवार सुबह घटना के बाद से फरार मिहिर को मुंबई के निकट विरार से गिरफ्तार कर लिया गया।

अधिकारी ने बताया कि मिहिर की मां और दो बहनों को ठाणे जिले के शाहपुर से पूछताछ के लिए मुंबई लाया गया है। उनसे और 10 अन्य लोगों से पूछताछ की जा रही है।

### विहिप ने मुसलमानों को हिंदू धार्मिक स्थलों पर पूजा सामग्री बेचने से रोके जाने की मांग की


**नई दिल्ली/भाषा।** विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) ने मंगलवार को दावा किया कि मुसलमान अपनी पहचान छिपाकर विभिन्न हिंदू तीर्थ स्थलों पर पूजा सामग्री बेच रहे हैं। उसने सभी राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वे मुसलमानों को दुकानें चलाने से रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाएं ताकि हिंदुओं की आस्था को ठेस न पहुंचे।

विहिप के महासचिव बजरंग बागड़ा ने लोगों से सतर्क रहने की अपील करते हुए कहा कि अगर उन्हें अल्पसंख्यक समुदाय का कोई व्यक्ति मंदिरों और अन्य हिंदू धार्मिक स्थलों के पास पूजा सामग्री बेचता हुआ मिले तो वे स्थानीय प्रशासन को तुरंत सूचित करें।

बागड़ा ने एक बयान में कहा, ''हमें हाल में जानकारी मिली है कि मुसलमानों ने केदारनाथ जैसे कुछ हिंदू तीर्थ स्थलों पर दुकानें खोली हैं और भक्तों को प्रसाद और अन्य पूजा सामग्री बेच रहे हैं।'' उन्होंने दावा किया, ''कानूनी तौर पर, किसी को भी इस पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। हमें भी कोई आपत्ति नहीं है। लेकिन पिछले कुछ सालों में कई घटनाएं सामने आई हैं, जब मुस्लिम दुकानदारों ने ग्राहकों को देने से पहले खाने-पीने की चीजों और अन्य खाद्य पदार्थों में थूक दिया। इसलिए, धार्मिक स्थलों पर मुसलमानों द्वारा दुकानें चलाना तथा प्रसाद और पूजा सामग्री बेचना चिंता का विषय है।'' बागड़ा ने कहा कि विहिप मांग करती है कि सभी राज्य सरकारें यह सुनिश्चित करें कि मुसलमान किसी भी हिंदू धार्मिक स्थल पर पूजा सामग्री न बेचें।

वरिष्ठ विहिप पदाधिकारी ने कहा, ''उन्हें (मुसलमान) हिंदू धार्मिक स्थलों पर पूजा सामग्री बेचने से रोका जाना चाहिए, ताकि हिंदुओं की आस्था को ठेस न पहुंचे।''

# पूर्वोत्तर क्षेत्र में बिजली क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर काम करने की जरूरत : खट्टर



### असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने एक्स पर लिखा कि बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए गैस की कीमतों को तर्कसंगत बनाने में मदद के लिए मांगी है सहायता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने मंगलवार को कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में बिजली क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने के साथ-साथ टिकाऊ भविष्य के लिए सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है।

गुवाहाटी में पूर्वोत्तर क्षेत्र के बिजली मंत्रियों की बैठक की अध्यक्षता करते उन्होंने यह बात कही। बाद में उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''आज गुवाहाटी में सबसे महत्वपूर्ण बिजली मंत्री सम्मेलन (पूर्वोत्तर क्षेत्र) की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा, ''पूर्वोत्तर में बिजली क्षेत्र के विकास को आगे बढ़ाने के साथ-साथ टिकाऊ भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने को सभी को मिलकर काम करने की जरूरत है।''

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर लिखा, ''कार्यभार संभालने के बाद असम की अपनी पहली यात्रा के दौरान केंद्रीय मंत्री खट्टर के साथ सार्थक चर्चा हुई।'' उन्होंने कहा कि राज्य ने ''असम की बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए गैस की कीमतों को तर्कसंगत बनाने में मदद के लिए सहायता मांगी है। राज्य में बिजली की अधिकतम मांग पहले ही 2,500 मेगावाट को पार कर चुकी है।''

शर्मा ने केंद्रीय बिजली मंत्री को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत घरों की बढ़ती मांग के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राज्य ने पहले ही स्वीकृत 1.7 लाख घरों में से 60 प्रतिशत से अधिक की आपूर्ति कर दी है।

मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा, ''शर्मा ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और केंद्रीय मंत्री को बिजली क्षेत्र और शहरी बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए राज्य में उठाए जा रहे कदमों के बारे में जानकारी दी।''

## प्रधानमंत्री मोदी आम बजट से पहले कल अर्थशास्त्रियों से करेंगे मुलाकात



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/ भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बृहस्पतिवार को प्रतिष्ठित अर्थशास्त्रियों से मुलाकात करेंगे और आगामी बजट के लिए उनके विचार तथा सुझाव सुनेंगे। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को लोकसभा में वित्त वर्ष 2024-25 का पूर्ण बजट पेश कर सकती हैं।

अर्थशास्त्रियों तथा क्षेत्रीय विशेषज्ञों के अलावा प्रधानमंत्री की बैठक में नीति आयोग के वाइस चेयरमैन सुमन बेरी और अन्य सदस्य भी शामिल होंगे। यह मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला प्रमुख आर्थिक दस्तावेज होगा, जिसमें अन्य बातों के अलावा 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की रूपरेखा पेश किए जाने की उम्मीद है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पिछले महीने संसद की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए संकेत दिया था कि सरकार सुधारों की गति बढ़ाने के लिए ऐतिहासिक कदम उठाएगी। वित्त वर्ष 2023-24 में अर्थव्यवस्था ने 8.2 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की है सीतारमण ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर फरवरी में 2024-25 के लिए अंतरिम बजट पेश किया था।



## उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने पार्टी नेताओं के साथ सिद्धिविनायक मंदिर में दर्शन किये

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने मंगलवार को प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे सहित राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेताओं के साथ मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में पूजा-अर्चना की।

पवार ने संवाददाताओं से कहा कि आगामी राज्य विधानसभा चुनावों के लिए अभियान शुरू करने, पार्टी को मजबूत करने और विकास के एजेंडे के साथ लोगों के पास जाने के लिए भगवान का आशीर्वाद लेना एक अच्छी शुरुआत है। उन्होंने कहा कि 14 जुलाई को पुणे जिले के बारामती में एक रैली आयोजित की जा रही है, जहां राकांपा की भावी रणनीति तय की जाएगी। उपमुख्यमंत्री के साथ उनके पुत्र पार्थ पवार, राकांपा सांसद सुनील तटकरे और प्रफुल्ल पटेल, विधायक अनिल पाटिल, धनंजय मुंडे, दिलीप वल्से पाटिल और अन्य पार्टी विधायक मौजूद थे।

पवार और उनके दल ने मंत्रालय (राज्य सचिवालय) के निकट पार्टी कार्यालय से मंदिर तक बस से यात्रा की। उल्लेखनीय है कि राज्य विधान परिषद की 11 सीटों के लिए चुनाव 12 जुलाई को होने हैं और दो राकांपा उम्मीदवार मैदान में हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या सत्तारूढ़ 'महायुति' के सभी नौ उम्मीदवार निर्वाचित होंगे, पवार ने कहा, इस दिशा में प्रयास जारी हैं।

'महायुति' में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना, भाजपा और राकांपा शामिल हैं। विधान परिषद की 11 सीटों के लिए होने वाले द्विवार्षिक चुनाव में विपक्षी दलों के तीन उम्मीदवारों सहित कुल 12 उम्मीदवार मैदान में हैं। प्रतिद्वंद्वी राकांपा (शरदचंद्र पवार) ने दावा किया है कि अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट के कई विधायक उसके संपर्क में हैं और राज्य का बजट पारित होने के बाद वे अपनी निष्ठा वापस राकांपा संस्थापक शरद पवार के प्रति व्यक्त करेंगे। जुलाई 2022 में अजित पवार ने अपने चाचा शरद पवार के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया था, जिसके कारण राकांपा में विभाजन हो गया था। तब राज्य में सत्तारूढ़ महाविकास आघाड़ी गठबंधन की सरकार गिर गई थी और उद्धव ठाकरे को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इसके बाद महायुति गठबंधन सत्ता में आया और एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बने।




## सभी क्षेत्रों में वृद्धि से वित्तीय समावेश सूचकांक बढ़ाः आरबीआई

**मुंबई/भाषा।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का वित्तीय समावेश सूचकांक इस साल मार्च में बढ़कर 64.2 हो गया। देश भर में वित्तीय समावेश की स्थिति को मापने वाले सूचकांक के सभी मानदंडों में वृद्धि देखी गयी है।

सूचकांक वित्तीय समावेश से संबंधित सभी पहलुओं को शामिल करता है। इसके तहत शून्य से 100 के बीच मूल्य दिया जाता है। शून्य जहां वित्तीय सुविधाओं से पूरी तरह बाहर बताता है वहीं 100 पूर्ण रूप से वित्तीय समावेश को दर्शाता है। रिजर्व बैंक ने मंगलवार को बयान में कहा, ''सूचकांक का मूल्य मार्च, 2024 के लिए 64.2 रहा जो बीते वर्ष इसी महीने में 60.1 था। सभी उप-सूचकांकों में वृद्धि दर्ज की गयी।''

बयान के अनुसार, वित्तीय समावेश (एफआई) सूचकांक में सुधार में मुख्य रूप से उपयोग मानदंड का योगदान है। यह वित्तीय समावेश की पैठ को बताता है।

एफआई सूचकांक में तीन मानदंड मुख्य रूप से शामिल हैं। ये हैं पहुंच (35 प्रतिशत), उपयोग (45 प्रतिशत) और गुणवत्ता (20 प्रतिशत)। इनमें से प्रत्येक में विभिन्न आयाम शामिल हैं। इनकी गणना कई संकेतकों के आधार पर की जाती है। केंद्रीय बैंक ने अगस्त, 2021 में कहा कि एफआई-सूचकांक की परिकल्पना एक व्यापक सूचकांक के रूप में की गयी है। इसमें सरकार और संबंधित क्षेत्रीय नियामकों के परामर्श से बैंक, निवेश, बीमा, डाक और साथ ही पेंशन क्षेत्र का विवरण शामिल है।

## फर्जी पैथोलॉजी लैब पर नकेल कसने के लिए नया कानून लाएगी महाराष्ट्र सरकार



### प्रश्नकाल के दौरान मंत्री सामंत ने कहा कि प्रस्तावित कानून में उचित नियम व विनियमन होंगे तथा उल्लंघन की जांच के लिए उड़न दस्ते किए जाएंगे गठित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के मंत्री उदय सामंत ने मंगलवार को कहा कि राज्य सरकार ने फर्जी पैथोलॉजी लैब पर कार्रवाई करने के लिए एक कानून का मसौदा तैयार किया है जिसमें उल्लंघनकर्ताओं को दंड दिया जाएगा।

राज्य विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री सामंत ने कहा कि प्रस्तावित कानून में उचित नियम व विनियमन होंगे तथा उल्लंघन की जांच के लिए उड़न दस्ते गठित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि गैर-पंजीकृत पैथोलॉजी लैब को संचालित नहीं होने दिया जाएगा। भाजपा के विधायक आशीष शेलार ने कहा कि फर्जी पैथोलॉजी लैब पैसा लूट रही हैं तथा लोगों की जिंदगियों से खिलवाड़ कर रही हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के विधायक राजेश टोपे ने कहा कि अगर राज्य सरकार जल्द नया कानून लागू नहीं कर पाती तो नर्सिंग होम कानून में संशोधन किया जाना चाहिए। इस पर मंत्री ने कहा कि नए कानून का मसौदा तैयार है और अगर आवश्यकता पड़ी तो नर्सिंग होम कानून में भी संशोधन किया जाएगा। यह चर्चा भाजपा विधायक सुनील राणे के उस सवाल पर हुई जिसमें मुंबई में पैथोलॉजी लैब की संख्या के बारे में आंकड़ें पूछे गए थे। उन्होंने सरकार के इस जवाब पर हैरानी जतायी कि मुंबई महानगरपालिका कानून, 1888 के मौजूदा नियमों के तहत पैथोलॉजी लैब के पंजीकरण के लिए कोई प्रावधान नहीं है।

## हैदराबाद के प्राणी उद्यान में शेरनी ने हमला कर देखभाल कर्मी को किया घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**हैदराबाद/भाषा।** हैदराबाद के नेहरू जूलॉजिकल पार्क में एक शेरनी ने जानवरों के एक सहायक देखभाल कर्मी पर हमला कर उसे घायल कर दिया। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

यह घटना सोमवार को हुई। सहायक देखभाल कर्मी बाड़े की सफाई कर रहा था, तभी आठ वर्षीय शेरनी वहां से बाहर निकल गई। बाड़े में शेरनी का उपचार किया जा रहा था। अधिकारियों ने बताया कि देखभाल कर्मी ने बाड़े का द्वार बंद करते समय लापरवाही बरती, जिस कारण शेरनी वहां से बाहर निकल गई।

प्राणी उद्यान द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक, बाड़ों के बीच का द्वार ठीक से बंद नहीं था और देखभाल कर्मी सफाई करने के लिए दूसरे बाड़े में चला गया, जिसके बाद शेरनी अपने बाड़े से बाहर निकली और देखभाल कर्मी पर हमला कर उसे घायल कर दिया। विज्ञप्ति के मुताबिक, इसके बाद देखभाल कर्मी जान बचा कर वहां से भागा और अन्य कर्मियों को सचेत किया। मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार, प्राणी उद्यान हर सोमवार को लोगों के लिए बंद रहता है इसलिए मुख्य द्वार बंद था।

विज्ञप्ति के मुताबिक, सुरक्षा कर्मियों और पशु चिकित्सा दल को सूचित किया गया।

## विधानसभा चुनाव धोखे के खिलाफ और महाराष्ट्र के आत्मसम्मान के लिए लड़ा जाएगा : उद्धव ठाकरे



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** शिवसेना-उद्धव बालासाहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव धोखे के खिलाफ और महाराष्ट्र के आत्म सम्मान के लिए लड़ा जाएगा।

उद्धव, महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) की पुणे इकाई के पूर्व राजनेता वसंत मोरे के आधिकारिक रूप से शिवसेना-यूबीटी में शामिल होने के मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

मोरे ने वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) के उम्मीदवार के रूप में पुणे सीट से लोकसभा चुनाव लड़ा था लेकिन हार गए थे। इस सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के मुरलीधर मोहोल ने कांग्रेस उम्मीदवार रवींद्र धांगेकर को हराया था।

ठाकरे ने कहा कि पुणे शहर अब राज्य में सत्ता परिवर्तन का केंद्र होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव संविधान बचाने की लड़ाई थी।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, विधानसभा चुनाव धोखे और लाचारी के खिलाफ होगा। यह महाराष्ट्र के आत्मसम्मान की लड़ाई होगी।

ठाकरे, दो साल पहले अविभाजित शिवसेना में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में पार्टी विधायकों द्वारा की गई बगावत का जिक्र कर रहे थे।

शिंदे बाद में मुख्यमंत्री बने।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव इस वर्ष अक्टूबर में होने हैं।

## धारावी पुनर्विकास परियोजना एक 'बड़ा घोटाला' : पृथ्वीराज चौहान



**मुंबई/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पृथ्वीराज चव्हाण ने मंगलवार को दावा किया कि धारावी झुग्गी की पुनर्विकास परियोजना एक बड़ा घोटाला है और उन्होंने महाराष्ट्र सरकार से इस पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग की। राजस्व विभाग की बजटीय मांगों पर महाराष्ट्र विधानसभा में चव्हाण ने कहा कि अक्टूबर में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों के बाद राज्य में सरकार बदलने पर इस पूरी परियोजना को रद्द कर दिया जाएगा। धारावी मुंबई का सबसे बड़ा झुग्गी झोपड़ी इलाका है ।

विपक्षी महा विकास आघाडी में शामिल कांग्रेस एवं शिवसेना (यूबीटी) अडाणी समूह द्वारा कार्यान्वित कई अरब रुपये की इस धारावी पुनर्विकास परियोजना का विरोध कर रहे हैं । चव्हाण ने कहा, ''धारावी पुनर्विकास परियोजना एक बड़ा घोटाला है और राज्य सरकार को इस पर श्वेत पत्र जारी करना चाहिये । या फिर अक्टूबर में जब अगली सरकार सत्ता में आएगी तो पूरी परियोजना रद्द कर दी जाएगी।''

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने पूछा कि क्या धारावी पुनर्विकास परियोजना के लिए हाल ही में कुर्ला में एक डेयरी भूमि सौंपे जाने का उल्लेख मूल निविदा में किया गया था। उन्होंने कहा कि धारावी के पुनर्विकास के लिए कौन सी सरकारी जमीन दी जा रही है, इसका कोई उल्लेख नहीं है...चाहे वह देवनार हो, मुलुंड हो, नमक की जमीन हो।

## हरियाणाः वैट 'घोटाला' मामले में ईडी की छापेमारी

**चंडीगढ़/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित मूल्य वर्धित कर (वैट) घोटाले से जुड़ी धनशोधन जांच के तहत मंगलवार को हरियाणा में कई स्थानों पर छापेमारी की। यह छापेमारी राज्य प्रशासनिक सेवा के तीन पूर्व अधिकारियों के खिलाफ भी की गई है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि राज्य में करीब 14 स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। छापेमारी के दायरे में हैं। उन्होंने बताया कि छापेमारी के दौरान हरियाणा राज्य सिविल सेवा के तीन सेवानिवृत्त अधिकारियों - पूर्व उत्पाद शुल्क एवं कराधान अधिकारी अशोक सुखीजा और पूर्व उप उत्पाद शुल्क एवं कराधान आयुक्तों नरेंद्र रंगा और गोपी चंद चौधरी - और कुछ निजी व्यक्तियों को भी शामिल किया गया है।

सुखीजा और चौधरी को पिछले साल राज्य पुलिस ने जांच के तहत गिरफ्तार किया था।

धनशोधन का मामला गुरुग्राम में 1,000 करोड़ रुपये के फॉर्म सी को अवैध रूप से जारी करने के मामले से संबंधित हरियाणा पुलिस द्वारा 2020 की प्राथमिकी से उपजा है। नियमों के अनुसार, फॉर्म सी हरियाणा सरकार द्वारा राज्य के बाहर माल की बिक्री के आधार पर जारी किया जाता है और कोई व्यापारी या व्यावसायिक संस्था इसका उपयोग करके रिफंड प्राप्त कर सकती है। आरोप लगाया गया है कि व्यापारियों ने फर्जी बिक्री बिल बनाए, जिससे राज्य के खजाने को नुकसान हुआ।

## बांग्लादेशियों की संलिप्तता वाले अंग प्रतिरोपण गिरोह का भंडाफोड़, एक चिकित्सक समेत छह लोग गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** बांग्लादेश और दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में कथित तौर पर अंग प्रतिरोपण गिरोह संचालित करने के सिलसिले में राष्ट्रीय राजधानी के एक चिकित्सक समेत कम से कम छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

एक गुप्त सूचना के आधार पर दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा दो महीने से इस अपराध की तह तक पहुंचने के लिए काम कर रही थी। अधिकारियों ने बताया कि अधिकांश दानकर्ता और प्राप्तकर्ता बांग्लादेश से हैं, जिन्हें सर्जरी के लिए फर्जी दस्तावेजों के जरिए भारत लाया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के एक नामी अस्पताल में किडनी प्रतिरोपण सर्जन के तौर पर काम कर रही महिला चिकित्सक पर 2021 से 2023 के बीच बांग्लादेश के कुछ लोगों की सर्जरी करने में कथित तौर पर संलिप्त होने का आरोप है।

महिला चिकित्सक ने नोएडा स्थित एक निजी अस्पताल में कथित तौर पर ये सर्जरी कीं, जहां वह 'विजिटिंग कंसल्टेंट' थी।

इसके अलावा डॉक्टर के एक सहायक और तीन बांग्लादेशी नागरिकों सहित चार अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है।

ये गिरफ्तारियां पिछले दो सप्ताह में हुई हैं।

## आबकारी नीति मामले में ईडी का पूरक आरोपपत्रः आप ने बड़ी साजिश का आरोप लगाया

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय सचिव पंकज गुप्ता ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार उनकी पार्टी के खिलाफ बड़ी साजिश रच रही है। उन्होंने कथित आबकारी नीति घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक पूरक आरोपपत्र के सिलसिले में यह बात कही, जिसमें 'आप' का नाम है। गुप्ता ने आरोप लगाया कि भाजपा किसी भी कीमत पर 'आप' को खत्म करना चाहती है जिसकी पंजाब और दिल्ली में सरकार है। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी द्वारा दाखिल सातवें पूरक आरोपपत्र का संज्ञान लिया। ईडी ने पूरक आरोपपत्र में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और 'आप' का नाम लिया है।

# समलैंगिक विवाह पर निर्णय की समीक्षा संबंधी याचिकाओं पर खुली अदालत में सुनवाई से न्यायालय का इनकार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार किये जाने संबंधी उसके पिछले साल के निर्णय की समीक्षा के लिए दायर याचिकाओं पर खुली अदालत में सुनवाई करने की अनुमति देने से मंगलवार को इनकार कर दिया।

पुरुष समलैंगिक अधिकार कार्यकर्ताओं को झटका देते हुए प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने पिछले साल 17 अक्टूबर को समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार कर दिया था। पीठ ने कहा था कि कानूनन मान्यता प्राप्त विवाह के अलावा अन्य को कोई मंजूरी नहीं है।

हालांकि, शीर्ष अदालत ने समलैंगिक लोगों के अधिकारों की जोरदार पैरोकारी की थी, ताकि अन्य लोगों को उपलब्ध वस्तुओं और सेवाओं को पाने में उन्हें भेदभाव का सामना न करना पड़े। शीर्ष अदालत ने उत्पीड़न एवं हिंसा का सामना करने वाले(ट्रांसजेंडर) समुदाय के लोगों को आश्रय देने के लिए सभी जिलों में गरिमा गृह और संकट की घड़ी में



इस्तेमाल करने के लिए समर्पित हॉटलाइन नंबर की व्यवस्था करने को कहा था। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा निर्णय की समीक्षा का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर 10 जुलाई को अपने कक्ष में विचार करने वाले हैं। मंगलवार को वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और एन के कौल ने मामले का उल्लेख किया तथा प्रधान न्यायाधीश से खुली अदालत में पुनर्विचार याचिकाओं की सुनवाई करने का आग्रह किया।

कौल ने न्यायालय से कहा, ''मेरा कहना है कि क्या इन याचिकाओं की खुली अदालत में सुनवाई की जा सकती है...।''

प्रधान न्यायाधीश ने उनसे कहा कि ये संविधान पीठ द्वारा समीक्षा किये जाने वाले मामले हैं, जिन्हें कक्ष (चैम्बर) में सूचीबद्ध किया गया है। परंपरा के अनुसार, पुनर्विचार याचिकाओं पर न्यायाधीशों द्वारा कक्ष में विचार किया जाता है। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने का अनुरोध करने वाली 21 याचिकाओं पर चार अलग-अलग फैसले सुनाए थे। सभी पांच न्यायाधीश विशेष विवाह अधिनियम के तहत समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने से इनकार करने को लेकर एकमत थे। पीठ ने कहा था कि इस तरह के संबंध को वैध बनाने के लिए कानून में बदलाव करना संसद के अधिकार क्षेत्र में है।




## सिराज को आवासीय भूखंड और सरकारी नौकरी देगी तेलंगाना सरकार

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंथ रेड्डी ने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की प्रशंसा करते हुए मंगलवार को इस क्रिकेटर को आवासीय भूखंड और सरकारी नौकरी देने की घोषणा की।

भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य रहे सिराज पिछले सप्ताह अपने गृह नगर हैदराबाद पहुंचे थे। उन्होंने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात की। सरकारी विज्ञप्ति के अनुसार मुख्यमंत्री ने उनको सम्मानित किया तथा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन की तारीफ की। विज्ञप्ति के अनुसार उन्होंने अधिकारियों को हैदराबाद या आसपास के इलाकों में सिराज के लिए उपयुक्त आवासीय भूखंड की पहचान करने और इस क्रिकेटर को सरकारी नौकरी देने के निर्देश भी दिए।



बेंगलूरु में मंगलवार को विधान सौधा में डीसी और सीईओ के साथ बैठक के दूसरे दिन मुख्यमंत्री सिद्दरामैया, डीसीएम डीके शिवकुमार और अन्य।

# रामनगर का नाम बदलकर बेंगलूरु दक्षिण रखने का प्रस्ताव : डीके शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु । कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने रामनगर जिले का नाम बदलकर बेंगलूरु दक्षिण रखने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री सिद्दरामैया को सौंपा है। विधानसभा में मुख्यमंत्री को प्रस्ताव सौंपने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए डी के शिवकुमार ने कहा, रामनगर जिले के विधायकों और जिला प्रभारी मंत्री के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्यमंत्री सिद्दरामैया को एक प्रस्ताव सौंपा। यह पहल रामनगर, चन्नपटना, मागडी, कनकपुरा और हरोहल्ली ब्लॉक्स के विकास और भविष्य को ध्यान में रखते हुए की गई है।

उन्होंने कहा, डोड्डाबल्लापुर, देवनहल्ली, होसकोटे, कनकपुरा, रामनगर, चन्नपटना, मागडी के लोग मूल रूप से बेंगलूरु के ही हैं। प्रशासनिक सुविधा के लिए रामनगर और बेंगलूरु ग्रामीण जिलों को बेंगलूरु शहर से अलग किया गया है। उन्होंने प्रस्ताव की जरूरत पर बल देते हुए कहा, रामनगर को जिला मुख्यालय के रूप में रखते हुए रामनगर का नाम बदलने की आवश्यकता है। हमने इस संबंध में एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया है। नाम बदलने से जिले में उद्योग लाने में मदद मिलेगी और जमीन का मूल्यांकन भी बेहतर होगा। दरअसल, बेंगलूरु के पास केवल रामनगर और तुमकुर की ओर बढ़ने की गुंजाइश है क्योंकि इसके दूसरी तरफ तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश है।

यह पूछे जाने पर कि बेंगलूरु दक्षिण जिले के अंतर्गत कौन से तालुके आएंगे, उन्होंने कहा कि यह केवल नाम बदलने की कवायद है और जिले की भौगोलिक सीमाओं में कोई बदलाव नहीं होगा। डीके शिवकुमार ने बताया कि जिले के गौरव को बनाए रखने के लिए हमने रामनगर, मागडी और कनकपुरा में सभी के साथ चर्चा की है। मेरी अगुआई में एक प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिला। हम चाहते हैं कि रामनगर के बजाय इसका नाम बदलकर बेंगलूरु दक्षिण जिला रखा जाए।

# बेंगलूरु में शराब पीकर स्कूल वाहन चलाने के आरोप में 23 चालकों के खिलाफ मुकदमा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। बेंगलूरु यातायात पुलिस ने कथित तौर पर शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में 23 स्कूल वाहन चालकों के खिलाफ मंगलवार को मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने बताया कि विशेष अभियान के तहत सुबह सात बजे से नौ बजे तक 3016 स्कूल वाहनों की जांच की गई जिनमें से 23 वाहनों के चालक शराब पीकर वाहन चलाते पाये गये।

बेंगलूरु के संयुक्त पुलिस आयुक्त (यातायात) एम.एन.अनुचेत ने बताया कि इन चालकों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत अभियोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस संबंधित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय ( आरटीओ)आगे की कार्रवाई के लिए भेजे जा रहे हैं।

अनुचेत ने बताया, विशेष अभियान के दौरान 11 वाहन ऐसे मिले जिनके पास 'फिटनेस' प्रमाण पत्र नहीं था और इन वाहनों को संबंधित आरटीओ को जरूरी कार्रवाई के लिए भेज दिया गया। विद्यार्थियों और अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आगे भी इस तरह के अभियान नियमित तौर पर चलाए जाएंगे।

# विराट कोहली के सह-स्वामित्व वाले रेस्तरां, चार अन्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली के सह–स्वामित्व वाले रेस्तरां 'वन8 कम्यून' के प्रबंधक और चार अन्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ कथित तौर पर तय समय से अधिक देर तक संचालन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस के मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मध्य बेंगलुरु में कई रेस्तरां और 'पब' के निर्धारित समय के (रात एक बजे) बाद भी खुले रहने की शिकायत मिली थी जिसके बाद छह जुलाई को विशेष अभियान चलाया गया था। पुलिस के अनुसार, कब्बन पार्क पुलिस थाने का गश्त पर तैनात एक उपनिरीक्षक जब रात करीब एक बजकर 20 मिनट पर 'वन8 कम्यून' पहुंचा तो उसने पाया कि प्रबंधक कथित तौर पर उस समय भी रेस्तरां का संचालन कर रहा था। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, हमें शिकायत मिली थी कि कुछ 'पब' और रेस्तरां निर्धारित समय से अधिक देर तक खुले रहते हैं जिसके बाद छह जुलाई की रात को एक विशेष अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा, उनके (रेस्तरां) द्वारा किए गए नियमों के उल्लंघनों के आधार पर हमने 'वन8 कम्यून' के प्रबंधक और चार अन्य प्रतिष्ठानों के खिलाफ कर्नाटक पुलिस अधिनियम के तहत कब्बन पार्क पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज की है।

## आग



बेंगलूरु के एमजी रोड पर मंगलवार को बीएमटीसी बस में आग लग गई इससे किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# नड्डा ने कांग्रेस, वामपंथी दलों की आलोचना की, वैचारिक रूप से 'दिवालिया' बताया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तिरुवनंतपुरम। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जे. पी. नड्डा ने मंगलवार को कांग्रेस और वामपंथी दलों की आलोचना की और उनपर 'वैचारिक रूप से दिवालिया' और 'सत्ता की भूखी' होने का आरोप लगाया। नड्डा ने कहा कि वामपंथी भी अपने बेटे–बेटियों को बढ़ावा देकर कांग्रेस का अनुकरण कर रहे हैं। उन्होंने केरल की राजधानी में पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों की एक विशाल सभा को संबोधित करते हुए कहा, आप जानते हैं कि मेरा क्या मतलब है।

लोकसभा चुनाव के बाद केरल के अपने पहले दौरे पर आए भाजपा अध्यक्ष ने कांग्रेस पर हमला करते हुए उसे 'परजीवी' करार दिया, जो क्षेत्रीय दलों के समर्थन और मदद की बदौलत इस साल आम चुनावों में सीट हासिल कर सकी।

नड्डा ने कहा, वे (कांग्रेस) परजीवी की तरह हैं। उनका अपने दम पर खराब स्ट्राइक रेट है। जहां उनका सीधा मुकाबला भाजपा से था, ऐसी 60 से अधिक सीट में से केवल दो पर वह जीत सके। उन्होंने कहा, यह (कांग्रेस) बैसाखी पर चलने वाली पार्टी है और अपने दो पैरों पर खड़ी नहीं हो सकती। क्षेत्रीय दलों के समर्थन की बदौलत उनकी राष्ट्रीय उपस्थिति है। उन्होंने कहा कि एक विमर्श गढ़ने की कोशिश की गई थी कि भाजपा एक उत्तर भारतीय पार्टी है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा, नहीं। अब हम एक अखिल भारतीय पार्टी हैं, जिसमें दक्षिण भारत भी शामिल है। दक्षिण से लोकसभा में कमल खिला है।



## अभियान

बेंगलूरु में मंगलवार को डेंगू पर काबू पाने के लिए मल्लेश्वरम में बीबीएमपी का फॉगिंग अभियान शुरू किया गया।

# शिवकुमार ने माना, आदिवासी कल्याण बोर्ड में घोटाला हुआ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु । कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने मंगलवार को माना कि आदिवासी कल्याण बोर्ड में धन का दुरुपयोग किया गया और फंड की हेराफेरी हुई। शिवकुमार ने मंगलवार को बेंगलूरु में संवाददाताओं से बात करते हुए कहा, यह सच है कि आदिवासी कल्याण बोर्ड में अधिकारियों ने धन का दुरुपयोग किया और फंड की हेराफेरी की। हमने इस संबंध में अपने मंत्रियों से बात की है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि वे इस तरह के किसी भी घोटाले में शामिल नहीं हैं। हमारे एक मंत्री ने स्वेच्छा से इस्तीफा दे दिया। मंत्री होने के नाते जांच का सामना करना ठीक नहीं है। मुझे पता चला है कि उन्हें अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए नोटिस जारी किया गया है। मैं इसमें हस्तक्षेप नहीं करूंगा, उन्हें जांच करने दीजिए। शिवकुमार ने दावा किया, हमारे मंत्रियों और विधायकों की इसमें कोई संलिप्तता नहीं है। कुछ दूसरे लोग इसमें शामिल हैं। हम स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच के पक्ष में हैं। इस बीच, बोर्ड के प्रबंध निदेशक और सातवें आरोपी पद्मनाभ और आठवें आरोपी परशुराम का कथित तौर पर एक ऑडियो क्लिप सामने आया है। ऑडियो क्लिप में परशुराम को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि उन्हें इस मामले को बोर्ड के अध्यक्ष, कांग्रेस विधायक बसवराज दद्दाल के संज्ञान में लाना चाहिए। पद्मनाभ ने जवाब दिया कि अगर अभी बताया गया तो बवाल मच जाएगा और उन्होंने उन्हें कुछ दिन और चुप रहने के लिए कहा।

पद्मनाभ ने यह भी कहा कि वह मंत्री और उनके निजी सहायक के दबाव में थे और इसलिए ऐसा किया गया। भाजपा इस घोटाले में मुख्यमंत्री सिद्दारमैया की सीधी संलिप्तता का आरोप लगा रही है। भाजपा ने कहा है कि आदिवासी कल्याण बोर्ड के 187 करोड़ रुपये के फंड का इस्तेमाल तेलंगाना और अन्य राज्यों में चुनावों के लिए किया गया। यह घोटाला वरिष्ठ अधिकारी चंद्रशेखरन की आत्महत्या के बाद सामने आया था। उन्होंने एक डेथ नोट छोड़ा था जिसमें आरोप लगाया गया था कि वरिष्ठ अधिकारियों ने उन्हें मंत्री के मौखिक निर्देश के आधार पर निगम के प्राथमिक खाते से पैसे निकालने के लिए एक समानांतर खाता खोलने के लिए मजबूर किया था।

# तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने आर्मस्ट्रांग के परिवार से मुलाकात की

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने पिछले दिनों एक हमले में मारे गए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के प्रदेश अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की पत्नी पोरकोडी से मंगलवार को मुलाकात की और आश्वासन दिया कि इस अपराध को अंजाम देने वालों को न्याय के कठघरे में लाया जाएगा। स्टालिन ने पोरकोडी तथा अन्य परिजनों के प्रति अपनी शोक–संवेदना और सहानुभूति प्रकट की और उन्हें विश्वास दिलाया कि इस जघन्य हत्याकांड में शामिल सभी लोगों को कानून के अनुसार सजा दी जाएगी।

इस दौरान हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्त मंत्री पीके शेखर बाबू भी उपस्थित थे। राज्य सरकार ने सोमवार को तिरुवल्लूर जिले के पोथुर में बसपा नेता को दफनाये जाने के दौरान पुख्ता सुरक्षा प्रदान की थी। आर्मस्ट्रांग की पांच जुलाई को यहां एक गिरोह ने हत्या कर दी थी और इस मामले के संबंध में कम से कम 11 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है।



# भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार पत्नी के साथ उडुपी मंदिर पहुंचे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उडुपी। भारतीय टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पत्नी दिविशा शेट्टी के साथ मंगलवार को उडुपी जिले के कापू मारिगुडी मंदिर गए और टी20 क्रिकेट विश्व कप जीतने पर विशेष पूजा की। सूर्यकुमार और दिविशा सोमवार को मेंगलुरु पहुंचे थे। उन्होंने हवाई अड्डे पर ही केक काटकर अपनी शादी की आठवीं सालगिरह मनाई थी। दिविशा मूल रूप से दक्षिण कन्नड़ के तटीय क्षेत्र की रहने वाली है।

मंदिर के अधिकारियों के अनुसार दिविशा ने भारत के टी20 विश्व कप जीतने पर अपने पति के साथ कापू मारिगुडी मंदिर जाने का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा कि सूर्यकुमार और दिविशा ने देवी कापू मरियम्मा को चमेली के फूलों की माला चढ़ाई और परिवार के लिए आशीर्वाद मांगा। इस दौरान दिविशा को मंदिर में तुलु भाषा में बात करते देखा गया। सूर्यकुमार ने तुलु में भी बोलने की कोशिश की, जिससे मंदिर के अधिकारियों को सुखद आश्चर्य हुआ। अधिकारियों ने सूर्यकुमार को मंदिर के इतिहास के बारे में भी बताया, जो इस क्षेत्र के सबसे पुराने मंदिरों में से एक है। भारतीय बल्लेबाज को इस दौरान हावेरी जिले में बन रही कापू मरियाम्मा मंदिर की भी जानकारी दी।

नये मंदिर को करीब 40 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। मंदिर के अधिकारियों ने कहा कि 'गर्भगुड़ी', 'उचंगी गुड़ी' और 'सत्तुपौली' का काम 90 फीसदी पूरा हो चुका है।

## उफान



मंगलवार को शिवमोग्गा क्षेत्र में मानसून की दस्तक के साथ ही तुंगा नदी उफान पर है।

# केएसयू ने विद्यार्थियों के प्रवेश को लेकर आ रही समस्या के खिलाफ निकाला मार्च, पुलिस का लाठीचार्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

तिरुवनंतपुरम। केरल कांग्रेस की छात्र इकाई 'केएसयू' ने, खासतौर पर उत्तर मालाबार इलाके में, ग्यारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों के प्रवेश के लिए सीट की कथित कमी के मुद्दे पर मंगलवार को विधानसभा तक विरोध मार्च निकाला। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष वी.डी. सतीशन ने विरोध प्रदर्शन की शुरुआत की और आरोप लगाया कि राज्य सरकार ग्यारहवीं कक्षा के हजारों विद्यार्थियों की समस्या को नजरअंदाज कर रही है।

सतीशन ने सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की छात्र इकाई स्टुडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) का मुद्दा भी उठाया, जो कथित तौर पर विश्वविद्यालय और महाविद्यालय परिसरों में अपने प्रतिद्वंद्वी संगठनों के सदस्यों पर हमले में संलिप्त है। केरल स्टुडेंट्स यूनियन (केएसयू) के कार्यकर्ताओं ने विधानसभा तक मार्च निकाला और पुलिस द्वारा लगाए गए अवरोधकों पर चढ़ गए। प्रदर्शनकारियों ने सत्तारूढ़ वाम सरकार और राज्य के सामान्य शिक्षामंत्री वी. सिवनकुट्टी के खिलाफ नारेबाजी की।

पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर–बितर करने के लिए पानी की बौछारें कीं, लेकिन केएसयू के कार्यकर्ता वहीं डटे रहे और पुलिस पर डंडे और अन्य वस्तुएं फेंकी। पुलिसकर्मियों के साथ प्रदर्शनकारियों के भिड़ने के बाद प्रदर्शन हिंसक हो गया और पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया।

खबरों के मुताबिक केएसयू के राज्य प्रमुख अलोशियस जेवियर लाठीचार्ज में घायल हुए हैं और उन्हें पुलिस के वाहन में अस्पताल ले जाया गया है। लाठीचार्ज के बाद प्रदर्शनकारी इधर–उधर भागते नजर आए और उनके पीछे–पीछे पुलिसकर्मी दौड़ते दिखे। राज्य की वाम सरकार उत्तर केरल के विद्यालयों में 11वीं कक्षा की सीट कथित तौर पर कम होने को लेकर आलोचना का सामना कर रही है। विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं कि राज्य प्रशासन इस मुद्दे का समाधान करने में विफल रहा है।

विपक्षी छात्र संगठन मुख्य रूप से केएसयू और मुस्लिम स्टुडेंट्स फेडरेशन (एमएसएफ) कुछ समय से इस मुद्दे को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। दूसरी ओर केरल सरकार का दावा है कि 11वीं कक्षा में सीट की कोई कमी नहीं है।

मंत्री सिवनकुट्टी ने दावा किया कि इलाके में हर साल प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के बाद हजारों सीट खाली रह जाती हैं। हालिया कदम के तहत 25 जून को राज्य सरकार ने मालप्पुरम के विद्यालयों में 11वीं कक्षा में एक अतिरिक्त बैच शुरू किया ताकि जिले में सीट की कमी की समस्या का समाधान किया जा सके।

# उडुपी में बारिश का दौर जारी, निचले इलाके में पानी भरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

उडुपी। उडुपी जिले में मंगलवार को मूसलाधार बारिश जारी रही, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हो गया। अधिकारियों ने बताया कि करकला, कुंदपुरा, तेक्कट्टे, हिरगना, बसरूर, बारकुर, नित्तुरू, काउप और उदयवाड़ा के कई निचले इलाकों में अब भी घुटनों तक पानी भरा हुआ है और सड़कें या तो अवरुद्ध हो गई हैं या उन पर वाहन चलाना संभव नहीं है।

उडुपी के पुत्तूर और कोलालगिरी रोड के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग–66 के एक हिस्से में भी जलभराव हो गया। जलभराव के कारण, एक कार का चालक पानी की गहराई का अनुमान नहीं लगा पाया तथा वाहन पानी में बहता चला गया, बाद में वह उडुपी ग्रामीण पुलिस थाना क्षेत्र के कन्नारपड़ी–काडेकरु संपर्क रोड पर अटक गया।

अधिकारियों ने बताया कि कार में सवार सभी चार लोग सुरक्षित बाहर निकल आए। बाद में स्थानीय लोगों की मदद से अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने वाहन को बाहर निकाल लिया।

दक्षिण कन्नड़ जिले में एक दिन पहले भी भारी से बेहद भारी बारिश हुई और मंगलवार को मंगलुरु, पुत्तूर, बंटवाल जैसे स्थानों पर बारिश का दौर जारी रहा। अधिकारियों ने बताया कि बेल्थांगडी, सुल्लिया और गुंड्या–शिरडी क्षेत्र के घाट खंड में मंगलवार को भारी बारिश जारी रही, जिसके कारण विभिन्न हिस्सों में यातायात बाधित रहा। दक्षिण कन्नड़ प्रशासन ने मंगलवार को जिले के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया, जिसके चलते स्कूल और पीयू कॉलेज बंद कर दिए गए।



# राजस्थान का आम बजट आज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान का वित्त वर्ष 2024-25 का आम बजट बुधवार को यहां विधानसभा में पेश किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दीया कुमारी यह बजट पेश करेंगी। दीया कुमारी ने मंगलवार को बजट को अंतिम रूप दिया। इसकी जानकारी देते हुए उन्होंने 'एक्स' पर लिखा,'आज सचिवालय स्थित कार्यालय में वित्त वर्ष 2024-25 के बजट को अंतिम रूप दिया। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) अखिल अरोरा, शासन सचिव वित्त (बजट) देबाशीष पृष्टी, शासन सचिव वित्त (राजस्व) के के पाठक, शासन सचिव वित्त (व्यय) नरेश कुमार ठकराल एवं निदेशक (बजट) बृजेश शर्मा उपस्थित थे। राज्य की मौजूदा भारतीय जनता पार्टी सरकार का यह पहला पूर्ण बजट होगा।

उल्लेखनीय है कि राज्य की 16वीं विधानसभा का दूसरा सत्र अभी चल रहा है। विधानसभा का बजट सत्र आमतौर पर फरवरी-मार्च में होता है लेकिन इस साल लोकसभा चुनाव के कारण दिया कुमारी ने आठ फरवरी को विधानसभा में अंतरिम बजट पेश किया था।

# विपक्ष कांग्रेस की बजट सत्र में सरकार को घेरने की पूरी तैयारी : जूली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। राजस्थान विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा है कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार का बुधवार को आने वाले बजट में लगता नहीं है कि वह जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने वाला बजट होगा। जूली ने मंगलवार को यहां कांग्रेस के राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के पार्टी विधायक दल की बैठक में भाग लेने जयपुर पहुंचने पर हवाई अड्डे पर उनके स्वागत के बाद मीडिया से बातचीत में यह बात कही। उन्होंने कहा कि इस सरकार का पिछला अंतरिम बजट गत आठ फरवरी को आया था और उसका एक प्रतिशत भी काम नहीं हुआ है। अब लेकर आ रहे हैं तो इसमें क्या करेंगे।

जूली ने कहा कि उन्होंने पहल करते हुए कहा था कि अच्छा बजट लेकर आयेंगे तो हम सरकार की पीठ थपथपायेंगे लेकिन लगता नहीं है कि इनका कोई विजन नजर आये कि राजस्थान कैसे विकास करे और कैसे रोजगार बढ़े। इस कारण लगताा नहीं है कि आने वाला इनका बजट लोगों की उम्मीदों के अनुसार होगा। उन्होंने कहा कि बजट सत्र में सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने के लिए पूरी तैयारी की गई है और विपक्ष मजबूती से लड़ रहा है और विधानसभा में सरकार को एकजुट होकर घेरने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष में मंत्री विपक्ष के विधायकों की तरह व्यवहार कर रहे हैं और वे सदन में जवाब नहीं देते तथा शोर मचाने का काम कर रहे हैं।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी कहा कि आने वाले बजट से उम्मीदे कम ही नजर आ रही है क्योंकि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की बजट योजनाएं एवं विकास कार्यों को इस सरकार ने समीक्षा के नाम पर रोकने का काम किया है। डोटासरा ने कहा कि यह सरकार इससे पहले अंतरिम बजट लेकर आई और उसकी घोषणा ही पूरी नहीं की गई हैं। 950 करोड़ रुपए की सड़कों की घोषणा की गई थी लेकिन इसके लिए एक रुपए का टेंडर नहीं हुआ है। उन्होंने राज्य की भाजपा सरकार को दिशाहीन सरकार करार दिया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में ऐतिहासिक होगा राजस्थान सरकार का बजट : सीपी जोशी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर, । भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान सरकार का बुधवार को प्रस्तुत होने वाला बजट ना सिर्फ ऐतिहासिक होगा बल्कि प्रदेश के



स वा ं गी ण विकास में मील का पत्थर भी साबित होगा। राजस्थान के गांव, गरीब, कि सा न , महिला, युवा, दलित, आदिवासी सहित समाज के हर वर्ग के कल्याण का बजट होगा। यह बात आज उन्होंने भाजपा प्रदेश कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए कही।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि राजस्थान में भाजपा की सरकार ने सत्ता में आने के बाद जिस प्रकार काम करना शुरू किया उससे यह तस्वीर सामने आई कि प्रदेश में ऐसी सरकार बनी है जिसने पहले ही दिन से प्रदेश के कल्याण के लिए काम करना शुरू किया। सत्ता में आते ही 30 दिन में प्रदेश की जनता को 450 रूपये में उज्ज्वला गैस सिलेण्डर देने की घोषणा की। जनता ने देखा कि भाजपा की सरकार ने छ माह में ही जनहित में ईआरसीपी को धरातल पर उतारा, यमुना जल समझौता किया, सामाजिक पेंशन और किसान सम्मान निधि का पैसा बढ़ाने सहित अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा जो कहती है वो करती है जबकि पूर्व की कांग्रेस सरकार ने जनता को सिर्फ वादे और नारे ही दिए, धरातल पर काम नहीं किया। कोविड काल में भी सरकार होटलो में बंद रही, जनता की सुध नहीं ली। बिजली के क्षेत्र में प्रदेश को गर्त में धकेल दिया। साढे चार साल कुर्सी बचाने का खेल हुआ और अंतिम 6 महीनों में भी काम करने का दिखावा किया। भाजपा की सरकार में विकास के नए आयाम स्थापित होंगे।

# प्रधानमंत्री मोदी 'आयुष्मान भारत' योजना को लेकर वाहवाही बटोरने की कोशिश कर रहे : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र सरकार की 'आयुष्मान भारत' योजना को लेकर मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इसे दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना बताकर वाहवाही बटोरने की कोशिश कर रहे हैं। गहलोत ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा मॉस्को में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित करने के दौरान इस योजना का जिक्र किए जाने का वीडियो साझा करते हुए 'एक्स' पर लिखा,प्रधानमंत्री जी रूस में आयुष्मान भारत को दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना बताकर वाहवाही हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं।

गहलोत ने आगे लिखा,सत्य यह है कि आयुष्मान योजना से देश के केवल 40 फीसदी परिवारों को ही महज पांच लाख रुपये तक के इलाज की सुविधा मिलती है जो की गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए नाकाफी है। राजस्थान में अपनी पूर्व सरकार की 'चिरंजीवी योजना' का जिक्र करते हुए गहलोत ने लिखा,हमारी सरकार ने राजस्थान में चिरंजीवी योजना से सभी प्रदेशवासियों को 25 लाख रुपये तक के नकद रहित इलाज एवं 10 लाख रुपये के दुर्घटना बीमा की सुविधा दी थी। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान भाजपा सरकार ने इस योजना को बेहतर करने की बजाय ठंडे बस्ते में डाल दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है।



# देश की सुरक्षा, शासन और कल्याण में युवाओं को अपनी भागीदारी बढ़ानी चाहिए : राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है किसंविधान सर्वोच्च है। यह हमें अधिकार देता है तो कर्तव्य पालन की सीख से भी जोड़ताहै। उन्होंने 'यूथ फॉर नेशन' संगठनसे संविधान-संस्कृति के आलोक में राष्ट्र के नव निर्माण का संवाहक बनने का आह्वानकिया है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व का सबसे युवा राष्ट्र है और देश की सुरक्षा, शासन और कल्याण में युवाओं को संकल्पबद्ध होकरभागीदारी बढ़ानी चाहिए।

मिश्र मंगलवारको महात्मा गांधी मेडिकल साईंस एण्ड टेक्नोलोजी यूनिवर्सिटी सभागार में 'यूथ फॉर नेशन' संगठनकी राजस्थान इकाई के उद्घाटन समारोह में संबोधित कर रहे थे।

उन्होने कहा किराजस्थान में इस संगठन की शुरूआत से यहां के युवाओं को बेहतर ढंग से नियोजित करउनकी ऊर्जा का राष्ट्र निर्माण में इस्तेमाल किया जा सकेगा। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादीढांचे में युवाओं को महती भूमिका निभाने के साथ 'विकसितभारत' के संकल्प को पूरा करने के लिए भी कार्य करने कीआवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि भारत एक जीवंत और सहभागी संघीय लोकतंत्र के रूपमें तभी अधिक सुदृढ हो सकेगा, जब युवा राष्ट्र केलिए समर्पित भाव से काम करेंगें। उन्होंने लोकतंत्र के सशक्तिकरण में युवाओं कोआगे आकर पहल करने तथा अधिकारों के साथ संविधान प्रदत्त कर्तव्यों के प्रति भी सजगरहने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने कहा कियह बहुत महत्वपूर्ण है कि भारत की सकल राष्ट्रीय आय-जीडीपी में लगभग 34 प्रतिशत योगदान युवाओं का है। उन्होंने कहा कि इसवर्ग की भागीदारी सकल राष्ट्रीय आय और उत्पादकता बढ़ाने में और कैसे बढ़े, इस पर हमें विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंनेकहा कि युवा पीढ़ी समाज की वर्तमान स्थिति को नवीनीकृत और ताजा बनाए रखने के साथराष्ट्र के संसाधनों के बेहतर उपयोग की दिशा में कार्य करें।

उन्होंने कहा किभारत में लगभग 260 मिलियन युवा हैं। इनमें पुरुष और महिलाएं दोनोंशामिल हैं। लगभग 10 से 12 मिलियनयुवा हर साल कार्य करने के योग्य होकर राष्ट्र निर्माण में भागीदारी करने के योग्यहो जाते हैं। उन्होंने कहा कि इसका अर्थ है-राष्ट्रीय आर्थिक विकास में युवाओं कीबहुत बड़ी संभावनाएं निहित है। उन्होंने 'यूथफॉर नेशन' जैसे संगठनों को आगे आकर राष्ट्र के सर्वांगीणविकास के लिए नियोजित ढंग से युवाओं को कार्य करने के लिए प्रेरित किए जाने पर जोरदिया। 'यूथफॉर नेशन' के अध्यक्ष पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ.एस. पी.माथुर ने संगठन से जुड़े उद्देश्यों और भविष्य के कार्यों के बारे में जानकारी दी। मिश्र ने आरंभमें 'यूथ फॉर नेशन' संगठनके राजस्थान चेप्टर का उद्घाटन करते हुए युवाओं को संविधान की उद्देशिका और मूलकर्तव्यों का वाचन करवाया।



# मिश्र ने मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्तों को दिलाई शपथ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को यहां पूर्व पुलिस महानिदेशक मोहन लाल लाठर को मुख्य सूचना आयुक्त तथा सुरेश चंद गुप्ता, महेंद्र कुमार पारख और टीकाराम शर्मा को राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलाई। मिश्र ने राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित समारोह में इन्हें शपथ दिलाई। इन सभी ने ईश्वर के नाम पर हिन्दी में शपथ ली।

आरंभ में मिश्र से मुख्य सचिव सुधांश पंत ने मुख्य सूचना आयुक्त और राज्य सूचना आयुक्तों को शपथ दिलाने के लिए आग्रह किया। राज्यपाल ने लाठर को मुख्य सूचना आयुक्त तथा गुप्ता, पारख और शर्मा को राज्य सूचना आयुक्त बनने पर बधाई दी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, राज्य मंत्री मण्डल के सदस्य, भारतीय प्रशासनिक एवं पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी, राज्यपाल सचिव कविता सिंह, प्रमुख विशेषाधिकारी गोविन्द राम जायसवाल शसहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।

# अवैध बजरी खनन मामले में कड़े कदम उठाए राज्य सरकार : पायलट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



जयपुर। कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने मंगलवार को कहा कि अवैध बजरी खनन मामले में राज्य सरकार को कड़ा कदम उठाना चाहिए। प्रदेश के टोंक में संवाददाताओं से बातचीत में पायलट ने कहा, 'कहीं अगर कोई गैर कानूनी काम हो रहा है.. सरकार और प्रशासन इसे अगर सख्ती से नहीं निपटेगी तो ऐसे लोगों का साहस बढेगा।' हाल ही में अवैध बजरी से भरी एक ट्रैक्टर ट्रॉली चालक द्वारा हेड कांस्टेबल को कुचले जाने की घटना की ओर इशारा करते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं से लोगों का मनोबल टूटता है।

उल्लेखनीय है कि गत दो जुलाई को टोंक जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में अवैध बजरी से भरी ट्रैक्टर ट्राली के चालक ने हेड कांस्टेबल को टक्कर मार दी थी, जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई थी। उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले एक दर्दनाक हादसे में हमारे नौजवान पुलिस कांस्टेबल की मौत हुई, इसकी पुलिस, प्रशासन और सरकार को एक गहन, निष्पक्ष और एक ऐसी जांच करानी चाहिए जिससे पूरा तथ्य सामने आये। हम चाहेंगे कि सरकार पूरे मापदंड के अनुसार परिवार को पूरी मदद, सहायता एवं सहयोग करे। उन्होंने कहा, जहां तक बजरी का मामला है इस पर मुझे लगता है कि सरकार को कड़ा कदम उठाना चाहिए..अगर कहीं कोई गैर कानूनी काम हो रहा है, ...उसको अगर सरकार या प्रशासन सख्ती से नहीं निपटेगी तो और लोग इस प्रकार के काम करेंगे। पायलट ने कहा, 'मैं तो सरकार से आग्रह करता हूं कि सारी बातें छोड़कर अगर गैरकानूनी गतिविधियां कहीं हो रही है तो उस पर तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।'जम्मू कश्मीर के कठुआ में सेना पर आतंकी हमले के संबंध में पायलट ने कहा, सरकार लोकसभा और राज्यसभा में दावा करती है कि मामला वहां बहुत बेहतर हो गया है... स्थिति नियंत्रण में है.. वहां कोई अब आतंकी गतिविधियां नही है। लेकिन हमारे नौजवानों को सीमा पार से लोग मार रहे हैं और उन पर घात लगा कर हमला हो रहा है, जानें जा रही हैं.... तो कहीं न कहीं सरकार को जवाब देना पड़ेगा। उन्होंने कहा यह बहुत गंभीर मुद्दा है और हम चाहेंगे कि सरकार इस पर अपना स्पष्टीकरण दे और इस पर सख्ती से कार्रवाई भी करे।

कांग्रेस नेता ने राज्य विधानसभा में बुधवार को पेश होने वाले बजट पर कहा कि सरकार ने जो अंतरिम बजट पेश किया था बहुत सारी बातें तो उस बजट की पूरी नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा, 'सरकार में अब तक तय नहीं हो पा रहा है कि कौन क्या जिम्मेदारी संभालेगा.. आपस में इतना खिंचाव है.. सत्ता के इतने सारे केन्द्र बन चुके है मंत्री इस्तीफा दे रहे वो स्वीकारा नहीं जा रहा है..अस्वीकार किया जा रहा है.. किसी को मालूम नहीं है तो असमंजस की स्थिति बनी हुई है।' उन्होंने कहा कि इस सरकार को अपनी कार्यशैली को सुधारना चाहिए। अभी सरकार को सिर्फ छह सात महीने हुए है लेकिन हर क्षेत्र में सारे विकास के काम ठप्प पडे है।



# राज्य सरकार उपभोक्ता हितों के प्रति सजग व प्रतिबद्ध है : गोदारा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। उपभोक्ता मामले विभाग मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि राज्य सरकार उपभोक्ता हितों के प्रति सजग व प्रतिबद्ध है।उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए शिक्षण संस्थानों, प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया पर व्यापक प्रचारप्रसार किया जायेगा। गोदारा ने वीसी के माध्यम से उपभोक्ता मामले एवं भारतीय मानक ब्यूरो के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मानकीकरण-प्रमाणन एवं उपभोक्ता संरक्षण विषयक राज्य स्तरीय प्रशिक्षण बोधन कार्यक्रम में उदबोधन दिया।

उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला के माध्यम से वैश्विक उपभोक्ता बाजार में ई-कामर्स के तीव्र विकास से नई चुनोतियाँ आई है।उपभोक्ता इसके अनुचित व्यापारिक व्यवहार और अनैतिक कारोबार से अनभिज्ञ है।इसमें सुविधा के साथ दुविधा भी निहित है। इसके अलावा सोनेचांदी के आभूषणों में उपभोक्ता का शोषण हो रहा है। इसकी शुद्धता की जांच के लिए ज्वेलर्स प्रतिष्ठानों पर क्यू आर कोड़ का प्रदर्शन कराया जाएगा।क्यूआर कोड स्कैन करने पर उपभोक्ता को हॉलमार्किंग केन्द्रों की जानकारी मिल जाएगी। प्रमुख शासन सचिव भास्कर ए. सावंत ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जागरूकता अभियान की पहली कड़ी है। उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिए सुसंवाद स्थापित किया जाय।उपभोक्ता संरक्षण के क्षेत्र के सभी पहलुओं पर ज्ञान प्राप्त करने की चेष्टा के साथ ही फील्ड में जाकर अपने कर्त्तव्यों को अंजाम देने के लिए उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाय।

राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष देवेन्द्र कछावा ने कहा कि इस कार्यक्रम में वक्ताओं द्वारा अपने विचारों एवं सुझावों के साथ चिंतन मंथन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि हॉलमार्क व आई एस आई संस्था उत्पाद के प्रमाणीकरण में सावधानिया बरतें।आईएसआई में रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित हो और उसकी जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध होनी चाहिए।साथ ही रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट दुकान में लगा होना चाहिये।उपभोक्ताओं को नियमों की जानकारी देने के लिए वॉलिंटियर्स भी तैयार किए जाय। भारतीय मानक ब्यूरो की क्षेत्रीय निदेशक कनिका कालिया ने कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सभी का स्वागत किया।

उपभोक्ता मामले विभाग के निदेशक राजेन्द्र कुमार विजय ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण की पृष्ठभूमि के तहत सभी विभागों का समन्वित प्रयास है।इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला स्तर पर भी आयोजित किए जाएंगे।

# आंगनबाड़ी केंद्र पर प्रवेश उत्सव एवं विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। महिला एवं बाल विकास शासन सचिव डॉ.मोहन लाल यादव तथा निदेशक समेकित बाल विकास सेवाएं ओपी बुनकर के मुख्य आतिथ्य में मंगलवार को झोटवाड़ा परियोजना के आंगनबाड़ी केंद्र पर बीड खातीपुरा प्रथम (महात्मा गांधी राजकीय माध्यमिक विद्यालय में) प्रवेश उत्सव एवं विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

महिला एवं बाल विकास शासन सचिव ने मुख्य अतिथि के रूप में पूरक पोषाहार के अंतर्गत मिलने वाले दलिए से बनाये केक को काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शासन सचिव तथा निदेशक ने इस सामुदायिक कार्यक्रम के तहत पांच गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म भी अदा करवाई। शासन सचिव ने कार्यकर्ताओं एवं बाल विकास परियोजना अधिकारियों से पोषण ट्रैक्टर दर्ज की जाने वाली रिपोर्ट का भी अवलोकन किया।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में इस तरह का यह पहला कार्यक्रम है। जहां 6 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले 13 बच्चों को ईसीसीई प्रमाण पत्र भी दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्र के 6 वर्ष की आयु पूर्ण होन वालों बच्चों का विदाई समारोह एक उत्सव के रूप में मनाया गया। वहीं आंगनबाड़ी केंद्र पर नवीन प्रवेश वाले 11 बच्चों का माला पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर बच्चों को कॉपी और रंग भी दिये गए।

# राजस्थान में अब मिलेगी तीन महीने की एडवांस पेंशन, घर बैठे कर सकेंगे आवेदन

जयपुर। राजस्थान के पेंशनर्स को भी अब सरकारी कर्मचारियों की तरह तीन महीने का एडवांस पैसा लेने की सुविधा मिलेगी। पेंशनर्स अब तीन महीने की पेंशन एडवांस ले सकेंगे। रिटायर्ड कर्मचारी की जगह फैमिली पेंशन लेने वालों को भी तीन महीने की पेंशन एडवांस मिल सकेगी। जानकारी के मुताबिक यह सुविधा 1 अगस्त मिलनी शुरू हो जाएगी। भजनलाल सरकार ने गत दिनों यह फैसला लिया था। सरकार के इस फैसले के बाद वित्त विभाग ने 8 जुलाई को यह सर्कुलर जारी किया है। राजस्थान में मौजूदा वक्त में 8 लाख सरकारी कर्मचारी हैं। जिनमें कुल 4.75 लाख पेंशनर्स हैं। इनमें 3.22 लाख रिटायर्ड कर्मचारी खुद पेंशनर हैं, जबकि 1.53 लाख फैमिली पेंशनर्स हैं। तीन महीने की एडवांस सैलेरी की सुविधा अभी तक सिर्फ सरकारी कर्मचारी को ही मिलती थी। पर 1 अगस्त ये सुविधा अब पेंशनर्स और फैमिली पेंशनर्स को भी मिलेगी। राजस्थान के पेंशनर्स को 3 माह का एडवांस ऋण के तौर पर मिलेगा। इसे किश्तों में चुकाना होगा। इसके लिए पेंशनर्स को दिए गए विकल्प में से चुनाव करना होगा। जिस माह एडवांस लेंगे उसके अगले महीने से किश्त शुरू हो जाएगी। इस सुविधा की सबसे बड़ी बात यह है कि पेंशनर्स घर बैठे ही आवेदन कर सकता है। एडवांस लेने के लिए एसएसओ आईडी के जरिए आवेदन करना होगा।

# 'बड़ी साजिश' की आशंका से इनकार नहीं: एसआईटी रिपोर्ट

## हाथरस भगदड़ मामला





दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश सरकार ने हाथरस भगदड़ मामले की जांच के लिए गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) की रिपोर्ट के आधार पर मंगलवार को स्थानीय उप जिलाधिकारी (एसडीएम), पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) और चार अन्य को निलंबित कर दिया। इस रिपोर्ट में घटना के पीछे ''बड़ी साजिश'' से इनकार नहीं किया गया है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट में स्थानीय प्रशासन के स्तर पर भी लापरवाही होने की बात कही गई है जिसके कारण दो जुलाई को यह घटना हुई। रिपोर्ट में भगदड़ के लिए आयोजकों को जिम्मेदार ठहराते हुए दावा किया गया है कि उन्होंने भीड़ को व्यवस्थित करने के लिए कोई इंतजाम नहीं किए। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट में जिला प्रशासन की भी जवाबदेही तय की गई है। रिपोर्ट कहती है कि स्थानीय पुलिस और प्रशासन ने आयोजन को गंभीरता से नहीं लिया और वे वरिष्ठ अधिकारियों को उचित सूचना देने में विफल रहे।

हाथरस जिले के फुलरई गांव में स्वयंभू बाबा सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि उर्फ 'भोले बाबा' के सत्संग में मची भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई थी। एसआईटी रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने एसडीएम, सीओ, तहसीलदार, थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी समेत छह लोगों को अपने दायित्व के निर्वहन में लापरवाही के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए निलंबित कर दिया। अधिकारियों ने बताया, ''अपनी प्रारंभिक जांच में एसआईटी ने प्रत्यक्षदर्शियों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर भगदड़ के लिए मुख्य रूप से कार्यक्रम आयोजकों को जिम्मेदार ठहराया है। एसआईटी ने घटना के पीछे किसी बड़ी साजिश से इनकार नहीं किया है और गहन जांच की जरूरत बताई है।'' छह जुलाई को स्वयंभू 'बाबा' के अधिवक्ता ने दावा किया था कि ''कुछ अज्ञात लोगों'' द्वारा ''एक किस्म का जहरीला पदार्थ'' छिड़कने के कारण भगदड़ मची।

जांच समिति ने कार्यक्रम आयोजकों और तहसील स्तर की पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को भी दोषी पाया। समिति ने कहा कि स्थानीय एसडीएम, सीओ, तहसीलदार, थाना प्रभारी और चौकी प्रभारी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में लापरवाही के लिए दोषी हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, ''सिकंदराराऊ के उप जिलाधिकारी ने आयोजन स्थल का निरीक्षण किए बिना ही कार्यक्रम की अनुमति दे दी और वरिष्ठ अधिकारियों को भी सूचित नहीं किया।''

उन्होंने बताया कि अधिकारी ने कार्यक्रम को गंभीरता से नहीं लिया। एसआईटी ने सिंकदराराऊ में तैनात संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की सिफारिश की, जिसमें एसडीएम, क्षेत्राधिकारी, सिकंदराराऊ थाने के प्रभारी, तहसीलदार और कचौरा तथा पोरा के पुलिस चौकी प्रभारी शामिल हैं।

एसआईटी रिपोर्ट में कहा गया, ''आयोजकों ने तथ्य छिपाकर कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति ली। अनुमति के लिए लागू शर्तों का पालन नहीं किया गया। आयोजकों ने अप्रत्याशित भीड़ को आमंत्रित किया लेकिन पर्याप्त और सुचारू व्यवस्था नहीं की। '' रिपोर्ट के अनुसार आयोजन समिति से जुड़े लोगों को अराजकता फैलाने का दोषी पाया गया है। इसमें कहा गया कि उन्होंने उचित पुलिस सत्यापन के बिना स्वयंसेवकों को काम पर रखा। इसमें कहा गया, ''आयोजन समिति ने पुलिस के साथ दुर्व्यवहार किया। स्थानीय पुलिस को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने से रोकने का प्रयास किया गया।''

रिपोर्ट में साथ ही कहा गया है कि सत्संगकर्ता या प्रवचनकर्ता (भोले बाबा) को बिना किसी सुरक्षा व्यवस्था के भीड़ से मिलने की अनुमति दी गई।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारी भीड़ को देखते हुए कोई अवरोधक या समर्पित मार्ग की व्यवस्था नहीं की गई थी और जब दुर्घटना हुई तो आयोजन समिति के सदस्य मौके से भाग गए। एसआईटी में आगरा जोन की अपर पुलिस महानिदेशक अनुपम कुलश्रेष्ठ और अलीगढ़ मंडलायुक्त चैत्रा वी शामिल थीं। भगदड़ की घटना के तुरंत बाद इसका गठन किया गया था। एसआईटी ने दो, तीन और पांच जुलाई को घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की पड़ताल की। जांच के दौरान प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों, आम जनता और प्रत्यक्षदर्शियों समेत 125 लोगों के बयान दर्ज किए गए। इसके अलावा घटना के संबंध में प्रकाशित समाचारों की प्रतियां, मौके पर हुई वीडियोग्राफी, फोटो और वीडियो को संज्ञान में लिया गया।

## पानी की टंकी पर चढ़ी युवती को पुलिस ने तीन घंटे की मशक्कत के बाद उतारा

**गोंडा (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के गोंडा जिला मुख्यालय पर आयुक्त कार्यालय परिसर में मंगलवार को सामूहिक दुष्कर्म मामले में कार्रवाई न करने का आरोप लगाकर एक युवती पानी की टंकी पर चढ़ गयी, करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद समझा बुझाकर युवती को नीचे उतारा गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। युवती ने आरोप लगाया कि उसके साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने कोई कार्रवाई न करके दर्ज कराए गए मुकदमे में अंतिम रिपोर्ट प्रेषित कर दिया है।

अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) मनोज कुमार रावत ने यहां बताया कि मंगलवार को पीड़ित लड़की अपने माता-पिता के साथ पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने जिला मुख्यालय पर आई थी। रावत ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे अभियुक्तों को पुलिस द्वारा बचाए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित लड़की मंडलायुक्त कार्यालय में बनी पानी की टंकी पर चढ़ गई। घटना की सूचना पाते ही वरिष्ठ पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे और करीब तीन घंटों के प्रयासों के उपरांत प्रकरण में समुचित कार्रवाई किए जाने का आश्वासन देकर युवती को नीचे उतारा।

एएसपी ने बताया कि जिले के नवाबगंज थाने में दिसंबर 2023 में महिला ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि वह घुमंतू प्रजाति की महिला होने के कारण इधर-उधर भ्रमण करते हुए अपना डेरा लगाया करती है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में उसका डेरा नवाबगंज थाना क्षेत्र के लमती लोलपुर गांव में है। एक दिसंबर 2023 की सुबह वह अपनी पुत्री और बहू के साथ शौच के लिए निकली थी कि दो मोटर साइकिलों पर सवार होकर तीन सगे भाई उमेश (24), दुर्गेश (22) तथा कुंदन (18) आ गए और कट्टे की नोक पर मेरी बेटी को उठा कर ले गये तथा उसके साथ दुष्कर्म किया। एएसपी ने बताया कि अदालत के आदेश पर तीनों सगे भाइयों के खिलाफ नाबालिग लड़की का अपहरण कर दुष्कर्म का अभियोग दर्ज किया गया। विवेचना के दौरान शिकायत की पुष्टि न होने पर प्रकरण में अंतिम रिपोर्ट लगा दी गई, वहीं नवाबगंज के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने कहा कि अब महिला पुलिस प्रशासन पर दबाव बनाने के उद्देश्य से अनुचित साधन का इस्तेमाल कर रही है।

## बस पलटी, झोपड़ी में बैठे चार लोगों की मौत, छह अन्य घायल

**हरदोई (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के एक गांव में सवारियों से भरी एक बस मंगलवार की सुबह एक झोपड़ी पर पलट गई, जिससे भीतर बैठे चार लोगों की दबकर मौत हो गयी और छह अन्य जख्मी हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार माधौगंज थाने के शेखवापुर पश्चिमी निवासी रहमत अली के घर कुछ मेहमान आए हुए थे। मंगलवार की सुबह रहमत अली की बहन नन्हक्की (62) और पुत्री आयशा हेवली (45) तथा गांव से आई रिश्तेदार हसाना रजा (75) और सुफियान (25) कुछ और लोगों के साथ झोपड़ी में बैठे हुए थे। उसी बीच सवारियों से भरी बस अचानक झोपड़ी पर पलट गई।

दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद माधौगंज के अलावा कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई, और राहत-बचाव कार्य में जुट गई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह,एसपी केशव चन्द्र गोस्वामी भी मौके पर पहुंचे और हादसे की जानकारी ली।

बस को जेसीबी से खींच कर उसके नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला गया, जिसमें नन्हक्की, आयशा, हसाना और सुफियान की मौत हो चुकी थी, जबकि जख्मी हुए लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) भेजा गया। अधिकारी हादसे की पड़ताल करने में जुटे हुए हैं।

## महुआ मोइत्रा ने केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर पर तस्करों के लिए पास जारी करने का आरोप लगाया



**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर पर भारत-बांग्लादेश सीमा पर ''तस्करों को पास जारी करने'' का आरोप लगाया है। बहरहाल, भाजपा के नेता ने इस आरोप को खारिज किया है। मोइत्रा ने 'एक्स' पर कथित तौर पर ठाकुर द्वारा हस्ताक्षरित एक पत्र की तस्वीर साझा की और आरोप लगाया कि केंद्रीय मंत्री ने ''तस्करों'' के लिए ''तीन किलोग्राम गोमांस'' ले जाना सुगम बनाया था।

तृणमूल नेता ने पोस्ट किया, ''केंद्रीय मंत्री ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करों के लिए 'पास' जारी करने के वास्ते बीएसएफ के आधिकारिक लेटरहेड पर फॉर्म छपवाए हैं। इस प्रकरण में 3 किग्रा के गोमांस की अनुमति दी गयी।'' बनगांव लोस सीट पर मतुआ समुदाय के प्रतिष्ठित नेता ठाकुर ने कहा, ''यह आरोप निराधार है। ऐसा लगता है कि महुआ मोइत्रा ने बेबुनियाद आरोप लगाने की आदत बना ली है।'' ठाकुर ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''कोई सिर्फ तीन किलोग्राम गोमांस की तस्करी ही क्यों करेगा? क्या यह बेतुका नहीं है? वह जानती हैं कि स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए सीमावर्ती इलाकों में ऐसे पास जारी किए जाते हैं। उन्होंने जानबूझकर यह तथ्य छिपाया है।''

## युवाओं को बेरोजगार बनाए रखना मोदी सरकार का एकमात्र मिशन : खरगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आर्थिक विकास दर और रोजगार सृजन से जुड़े कुछ आंकड़ों का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि युवाओं को बेरोज़गार बनाए रखना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार का एकमात्र मिशन है।

खरगे ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''मोदी सरकार, भले ही बेरोज़गारी पर सिटी ग्रुप जैसी स्वतंत्र आर्थिक रिपोर्टों को नकार रही हो, पर सरकारी आंकड़ों को कैसे नकारेगी? सच ये है कि पिछले 10 साल में करोड़ों युवाओं के सपनों को चकनाचूर करने की ज़िम्मेदार केवल मोदी सरकार पर है।'' उन्होंने कहा, '' ताज़ा आंकड़े इस प्रकार हैं। एनएसएसओ (राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय) के सर्वेक्षण के मुताबिक विनिर्माण क्षेत्र में अनिगमित इकाइयों में सात वर्षों में 54 लाख नौकरियां ख़त्म हो गई हैं। वर्ष 2010-11 में पूरे भारत में 10.8 करोड़ कर्मचारी अनिगमित गैर-कृषि उद्यमों में कार्यरत थे, जो अब 2022-23 में 10.96 करोड़ हो गए हैं, यानी 12 वर्षों में केवल 16 लाख की मामूली वृद्धि है।'' उनके अनुसार, '' ताज़ा आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) में कहा गया है कि शहरी बेरोज़गारी दर 6.7 प्रतिशत है। मोदी सरकार कर्मचारी भविष्य निधि का डाटा दिखाकर औपचारिक इकाइयों में रोज़गार सृजन का ढ़ोल पीटती है, पर अगर हम वो डाटा सच भी मान लें तो भी 2023 में उसमें नई नौकरियों में 10 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है।''



## असम में बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार, 18.80 लाख लोग अब भी प्रभावित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** असम में बाढ़ की स्थिति में मामूली सुधार हुआ है, हालांकि अब भी 27 जिलों में बाढ़ से प्रभावित लोगों की संख्या करीब 18.80 लाख है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को राज्य में छह और लोगों की मौत हो जाने से इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन और तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 85 हो गई है। ब्रह्मपुत्र सहित कई प्रमुख नदियां विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं तथा कुछ स्थानों पर बारिश होने का अनुमान है। अधिकारियों ने बताया कि अब 27 जिलों में 18,80,700 लोग प्रभावित हैं जबकि रविवार को करीब 22.75 लाख लोग बाढ़ से पीड़ित थे।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, अच्छी खबर - ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों का जलस्तर अधिकतर स्थानों पर खतरे के स्तर से नीचे है। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर यह नदियां अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है, लेकिन इनके जल स्तर में गिरावट आई है।

भारत मौसम विज्ञान विभाग की सूचना के अनुसार, सोमवार को राज्य में औसतन 6.3 मिमी बारिश हुई। सोमवार को राज्य में छह और लोगों की मौत हो जाने से इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन और तूफान से मरने वालों की संख्या बढ़कर 85 हो गई है।

राज्य में कुल मिलाकर 48,124 विस्थापित लोगों ने 245 राहत शिविरों में शरण ली है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि बचाव और राहत कार्यों के लिए राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की टीम को कछार, बारपेटा, बंगाईगांव, डिब्रूगढ़ और जोरहाट में तैनात किया गया है। इसमें कहा गया है कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), अग्निशमन और आपातकालीन सेवा कर्मी, पुलिस बल और एएसडीएमए के आपदा मित्र स्वयंसेवक बाढ़ और तूफान प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन की मदद कर रहे हैं।

## बंगाल में लड़की को प्रताड़ित किये जाने का पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर 'वायरल', दो व्यक्ति गिरफ्तार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में एक क्लब के अंदर एक लड़की की लोगों के समूह द्वारा पिटाई किये जाने का पुराना वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद, पुलिस ने स्वत:संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया और इस सिलसिले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बैरकपुर पुलिस ने कहा कि लगभग दो साल पुराने वीडियो में दिख रहे आरोपियों की पहचान होने के बाद पुलिस ने दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया।

राज्य में मुख्य विपक्षी भाजपा ने आरोप लगाया कि स्थानीय तृणमूल कांग्रेस विधायक के करीबी व्यक्ति ने लड़की को प्रताड़ित किया है, वहीं राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी ने मांग की है कि वीडियो की सत्यता का पता लगाने के लिए इसकी जांच की जाए। लड़की को प्रताड़ित किये जाने की वजह का पता नहीं चल सका है। बैरकपुर पुलिस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, पुलिस ने सोशल मीडिया पर अभी प्रसारित हो रहे एक पुराने वीडियो का संज्ञान लिया है जिसमें एक लड़की पर हमला किया गया है। स्वतः संज्ञान लेते हुए एक फौजदारी मामला शुरू किया गया है। वीडियो में दिख रहे लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इनमें से 2 लोग हिरासत में लिये जा चुके हैं।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि यह वीडियो कम से कम दो साल पुराना है, जिसकी प्रामाणिकता की पुष्टि 'पीटीआई-भाषा' द्वारा नहीं की गई है। वीडियो क्लिप में कुछ लोग लड़की के पैर और हाथ पकड़कर उसे हवा में लटकाए हुए हैं, जबकि दो अन्य उसे डंडों से पीट रहे हैं। यह घटना कथित तौर पर उत्तर 24 परगना जिले के अरियादाहा स्थित एक क्लब में हुई थी। यह क्लिप भाजपा के पश्चिम बंगाल अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने पोस्ट की, जिन्होंने इस घटना के लिए गिरफ्तार जयंत सिंह को जिम्मेदार ठहराया। मजूमदार ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''कमरहाटी के तलतला क्लब से सामने आए वीडियो से मैं पूरी तरह स्तब्ध हूं। इसमें तृणमूल कांग्रेस विधायक मदन मित्रा के करीबी जयंत सिंह एक लड़की पर बेरहमी से हमला करते दिख रहा है। महिला अधिकारों की पैरवी करने का दावा करने वाली सरकार के अधीन यह जघन्य कृत्य मानवता को शर्मसार करने वाली है।'' तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शांतनु सेन ने वीडियो की फोरेंसिक जांच की मांग की और कहा कि यह पश्चिम बंगाल को बदनाम करने की भाजपा की चाल है। संयोग से अरियादहा में एक किशोर और उसकी मां पर भी कथित तौर पर सिंह के नेतृत्व में ही हमला किया गया था।

## असम सरकार 35,000 रिक्तियों को अगले साल अप्रैल तक भरेगी : हिमंत

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि सरकार 35,000 रिक्त पदों को अगले साल अप्रैल तक भरेगी। शर्मा ने कहा कि इनमें पुलिस बल, राज्य सरकार के ग्रेड तीन और ग्रेड चार के साथ-साथ शिक्षकों के पद भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, हम पारदर्शी तरीके से 25 अप्रैल तक 35,000 सरकारी रिक्तियों को भरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि ग्रेड तीन और ग्रेड चार के लिए भर्ती परीक्षाएं सितंबर से तीन चरणों में आयोजित की जाएंगी जिनमें प्रारंभिक, मुख्य और मौखिक परीक्षा शामिल है। शर्मा ने कहा कि प्राथमिक और माध्यमिक कक्षाओं के शिक्षकों के 13,000 से अधिक पदों पर भर्ती की अधिसूचना जल्द ही जारी की जाएगी।

## कोहली की जगह लेना मुश्किल: गायकवाड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हरारे/भाषा।** भारतीय बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ अच्छी तरह से जानते हैं कि बल्लेबाजी क्रम में तीसरे स्थान पर विराट कोहली की जगह की भरपाई करना काफी मुश्किल है और उनका ध्यान टीम की जरूरत के मुताबिक किसी भी स्थान पर बल्ले से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर है।

टी20 विश्व कप जीत के बाद क्रिकेट के सबसे छोटे अंतरराष्ट्रीय प्रारूप से कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और हरफनमौला रविंद्र जडेजा ने संन्यास की घोषणा कर दी। इससे युवा खिलाड़ियों के लिए दरवाजे खुल गये और गायकवाड़ एक ऐसे प्रतिभाशाली बल्लेबाज हैं जो तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने की क्षमता रखते हैं।

गायकवाड़ ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय की पूर्व संध्या पर कहा, '' यह बड़ा मुद्दा है और मुझे नहीं लगता कि इस बारे में सोचने का यह सही समय है। उनसे (कोहली) तुलना करने के बारे में सोचना भी या उनकी कमी को पूरा करने की कोशिश बहुत-बहुत मुश्किल है।'' उन्होंने कहा, ''मैंने आईपीएल के दौरान भी कहा था कि किसी की भी कमी को पूरा करना काफी कठिन होता है। आप अपने करियर को अपने मुताबिक आगे बढ़ाना चाहते हैं और अभी यही मेरी प्राथमिकता है।''

घरेलू क्रिकेट में पारी का आगाज करने वाले गायकवाड़ ने जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरुआती दो मैचों में तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी की है। पुणे का यह क्रिकेटर हालांकि टीम की जरूरत के मुताबिक किसी भी क्रम पर बल्लेबाजी करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, '' टीम को जहां मेरी जरूरत होगी मैं वहां बल्लेबाजी करूंगा। इसमें कोई समस्या नहीं है। पारी का आगाज करने और तीसरे क्रम पर बल्लेबाजी करने में कोई ज्यादा अंतर नहीं है क्योंकि आपको इन दोनों जगहों पर नई गेंद का सामना करना होता है।''

गायकवाड़ ने कहा कि आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी ने उन्हें खेल के अन्य पहलुओं पर नजर रखने के लिए प्रेरित किया लेकिन इससे उनकी बल्लेबाजी पर कोई फर्क नहीं पड़ा। उन्होंने कहा, '' कोई ज्यादा बदलाव नहीं आया है। मेरी बल्लेबाजी पहले की तरह ही है। मुझे जिम्मेदारी से खेलने के साथ मैच को खत्म करने पर ध्यान देना होता है।'' उन्होंने कहा, '' इससे खेल के नजरिये को लेकर थोड़ा बदलाव आया है। मुझे लगता है कि आईपीएल में कप्तानी करने के बाद आप सिर्फ बल्लेबाजी नहीं बल्कि खेल के अन्य पहलुओं से ज्यादा जुड़ते हैं।''

## बुमराह, मंधाना जून महीने के लिए आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**दुबई/भाषा।** टी20 विश्व कप में भारत के विजयी अभियान के नायक रहे जसप्रीत बुमराह को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मंगलवार को जून महीने के लिए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना।

भारत के लिए यह दोहरी खुशी का मौका था क्योंकि महिला टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना को इस वैश्विक संस्था ने 'जून महीने के लिए सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी' चुना। मंधाना को यह पुरस्कार पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला में बल्ले से दमदार प्रदर्शन करने पर दिया गया। बुमराह ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज को पछाड़कर यह खिताब जीता जबकि मंधाना ने इंग्लैंड की माइया बाउचर और श्रीलंका की विस्मी गुणारत्ने को पीछे छोड़कर महिलाओं का पुरस्कार जीता।

आईसीसी ने यहां जारी बयान में कहा कि पिछले महीने टी-20 विश्व कप में 15 विकेट चटकाकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये बुमराह ने जून के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार भी जीता है।





आईसीसी के बयान में बुमराह ने कहा, ''मुझे जून के लिए आईसीसी का महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुने जाने पर खुशी हो रही है।'' उन्होंने कहा, '' अमेरिका और वेस्टइंडीज में कुछ यादगार सप्ताह बिताने के बाद मेरे लिये यह विशेष सम्मान है। एक टीम के तौर पर हमें जश्न मनाने के काफी मौके मिले और इस में योगदान देकर मुझे अच्छा लगा। बुमराह ने टी20 विश्व कप में 8.26 की औसत से विकेट चटकाये जबकि महज 4.17 रन प्रति ओवर के हिसाब से रन दिये।

महिला वर्ग में मंधाना ने बेंगलुरु में पहले एकदिवसीय में 117 रन की शानदार पारी खेली। उनके शतक से भारत पांच विकेट पर 99 रन से 265 रन का स्कोर खड़ा करने में सफल रहा, जो दक्षिण अफ्रीका के लिए काफी साबित हुआ। उन्होंने दूसरे मैच में 120 गेंद में 136 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली। वह तीसरे मैच में 90 रन पर आउट होने के कारण शतकों की हैट्रिक पूरा करने से चूक गयी। मंधाना ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों में 343 रन बनाये और श्रृंखला की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुनी गयी।

उन्होंने कहा, '' मैं जून के लिए आईसीसी की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी पुरस्कार जीतकर वास्तव में खुश हूं। टीम ने जिस तरह से प्रदर्शन किया है उसमें मैं योगदान देकर खुश हूं। हमने एकदिवसीय और टेस्ट श्रृंखला जीती और उम्मीद है कि हम अपना फॉर्म जारी रखेंगे और मैं भारत के लिए और अधिक मैच जीतने में योगदान दे सकता हूं।''

### सुविचार

**घुटनों पर झुके हुए लोग, टुकड़ो पर बिके हुए लोग, करते है बरगद की बातें, ये गमले में उगे हुए लोग।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# इस भेदभाव को रोकें

उच्चतम न्यायालय ने दृश्य मीडिया और फिल्मों में दिव्यांग व्यक्तियों की नकारात्मक छवि गढ़ने से भेदभाव और असमानता को बढ़ावा मिलने का जिक्र कर समाज के उन लोगों की पीड़ा को आवाज दी है, जिसकी प्राय: अनदेखी की जाती है। हाल के वर्षों में फिल्मों और वेब सीरीजों में जिस तरह भाषा की मर्यादाएं टूटी हैं, वह बहुत चिंताजनक है। मनोरंजन के नाम पर अभद्र और आपत्तिजनक शब्दों की इतनी बौछार हो चुकी है कि अब लोग उसके अभ्यस्त होने लगे हैं। कई फिल्मों में दिखाए गए ऐसे किरदार, जिन्हें आंखों से कम दिखता हो, शारीरिक कद का सामान्य ढंग से विकास न हुआ हो, बहुत मोटापा या दुबलापन हो, रंग सांवला हो, बोलने में दिक्कत हो, सिर पर बाल कम हों या स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या हो तो उनके साथ ऐसे संवाद जोड़े जाते हैं, जिन्हें सुनकर लोग ठहाके लगाते हैं। ये संवाद उन लोगों को तीर की तरह चुभते हैं, जिनके साथ असल ज़िंदगी में ऐसी बातें जुड़ी हों। दिव्यांगता जैसे मामलों में तो फिल्म निर्माताओं को खास ध्यान रखना चाहिए कि वे किसी पात्र को इस तरह पेश न करें कि ज़िंदगी में कुछ लोगों के लिए चुनौतियां बढ़ जाएं। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने अपने फैसले में जो कहा, वह एक मार्गदर्शन भी है – 'शब्द संस्थागत भेदभाव पैदा करते हैं और दिव्यांग लोगों के बारे में 'अपंग' और 'मंदबुद्धि' जैसे शब्द सामाजिक धारणाओं में निचले दर्जे के समझे जाते हैं। ... दृश्य मीडिया को दिव्यांग व्यक्तियों की विविध वास्तविकताओं को चित्रित करने का प्रयास करना चाहिए। उसे न केवल उनकी चुनौतियों, बल्कि सफलताओं, प्रतिभाओं और समाज में उनके योगदान को भी प्रदर्शित करना चाहिए। मिथकों के आधार पर न तो उनका मजाक उड़ाया जाना चाहिए और न ही उन्हें असाधारण के रूप में पेश किया जाना चाहिए।'

दृश्य मीडिया और फिल्में ऐसा माध्यम हैं, जिनका समाज पर बहुत गहरा असर होता है। इनमें ऐसी भाषा से बचना चाहिए, जिससे किसी को पीड़ा देकर मनोरंजन की कोशिश की जाती है। समाज के किसी भी हिस्से के बारे में नकारात्मक छवि गढ़ने के बाद उसे दूर करने में बहुत वक्त लगता है। कई बार यह छवि इतनी मजबूती से पकड़ बना लेती है कि उसका असर दशकों तक कायम रहता है। उदाहरण के लिए– आज़ादी के बाद बनीं कई फिल्मों में समाज के कुछ वर्गों को लेकर ऐसी नकारात्मक छवि बना दी गई, जिससे देश आज तक मुक्त नहीं हो सका है। यही नहीं, उससे देश को नुकसान भी उठाना पड़ा है। ऐसी कई फिल्में बनी हैं, जिनमें व्यवसायी को लोगों का 'शोषण' करते हुए ही दिखाया गया। बच्चों के मन में यह बात बैठाई गई कि पढ़ाई–लिखाई का एकमात्र उद्देश्य ऐसी सरकारी नौकरी हासिल करना है, जिसमें आप कुर्सी पर बैठे रहें ... अगर पुश्तैनी काम करेंगे, दुकान लगाएंगे, कारखाना खोलेंगे तो यह ठीक नहीं है! ऐसी फिल्में गिनी–चुनी होंगी, जिनमें व्यवसायी वर्ग को नि:शुल्क पाठशालाएं खुलवाते, धर्मशालाएं व अस्पताल बनवाते, प्याऊ लगवाते, कुआं खुदवाते और जरूरतमंद परिवारों की मदद करते दिखाया गया हो। प्राय: फिल्मों में एक समुदाय को ऐसे दिखाया जाता है, गोया उसके सभी लोगों के पास पुरखों का छोड़ा हुआ बहुत बड़ा खजाना है, जो उन्होंने अनुचित तरीके से हासिल किया था। जबकि वह समुदाय बहुत मेहनती और प्रतिभाशाली है। उसने शिक्षा और जनजागरण के क्षेत्र में बहुत काम किया, लेकिन उसकी उपेक्षा की जाती है। दुर्भाग्यवश कई लेखकों ने भी खुद को प्रगतिशील व आधुनिक घोषित करने के लिए उस पर खूब निशाना साधा। हमें ऐसे मामलों में और संवेदनशीलता दिखानी होगी। दृश्य मीडिया और फिल्मों में ऐसी सामग्री नहीं दिखानी चाहिए, जो किसी के रूप–रंग, दिव्यांगता या किसी खास समुदाय में जन्म लेने को इस तरह पेश करे, जिससे लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचती है।

## ट्वीटर टॉक




जम्मू–कश्मीर के कठुआ ज़िले में आतंकियों के कायरतापूर्ण हमले में वीरगति को प्राप्त हुए जवानों को नमन है। आपने सर्वोच्च बलिदान देकर देश को गर्व दिया है। परिवारजनों के दुख में हम सब सहभागी हैं, ऐसे जियाले सौभाग्यशाली परिवारों में जन्म लेते हैं।

**–गजेन्द्र सिंह शेखावत**



हमारी सरकार ने सभी 33 जिलों में हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज खोलने का निर्णय लिया। जालोर, राजसमंद एवं प्रतापगढ़ में जब भारत सरकार से सहयोग नहीं मिला तब मैंने तीनो जिलों में स्टेट फंड से मेडिकल कॉलेज स्वीकृत किए।

**–अशोक गहलोत**



आज 140 करोड़ भारतीय हर क्षेत्र में सबसे आगे निकलने की तैयारी में जुटे रहते हैं। हम अपनी अर्थव्यवस्था को सिर्फ कोविड संकट से ही बाहर निकालकर ही नहीं लाए, बल्कि भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था को दुनिया की सबसे मजबूत इकोनॉमी में से एक बना दिया।

**–नरेन्द्र मोदी**

### प्रेरक प्रसंग

## जीने का ज्ञान

एक बार की बात है, पंडित देवदत्त शास्त्री काशी नरेश से मिलने गए। पंडित जी ने उनके सामने प्रस्ताव रखा, 'मैं आपको गीता का भाष्य सुनाना चाहता हूं।' नरेश ने कहा, 'अभी नहीं। पहले आप सात बार और गीता पढ़ें। उसके बाद मैं आपका भाष्य सुनूंगा। शास्त्री जी को राजा का यह व्यवहार अच्छा नहीं लगा। फिर यह सोचकर कि पढ़ने में हर्ज ही क्या है। शास्त्री जी सात बार गीता पढ़ने के बाद फिर नरेश के पास गए। इस बार नरेश ने फिर वही बात दोहराई–सात बार गीता पढ़ें, फिर भाष्य सुनाना। क्रोध मिश्रित आश्चर्य के साथ शास्त्री जी घर पहुंचे। 'राजा भी धर्म परायण विद्वान हैं, हो सकता है उनके बार–बार गीता पढ़वाने के पीछे कुछ रहस्य हो' यह सोचकर पंडित जी प्रतिदिन एक बार फिर गीता पाठ करने लगे। तीसरे दिन सहसा पाठ के बीच में ही गीता के तत्वज्ञान का बोध हुआ। चित्त में असीम आनंद छा गया। स्वयं से ही कहने लगे, 'भला गीता भी कोई व्याख्या की वस्तु है। यह तो समझने और जीने की प्रक्रिया है। ऐसे पवित्र ग्रंथ को राजदरबार में क्यों बेचना चाहिए।' कई महीने बीत गए। शास्त्री जी ने राजदरबार का रुख नहीं किया।

### सामयिक

# बढ़ती आबादी के मुकाबले सुविधाओं का स्तर

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**

मो.: न. 082374 17041

### विश्व जनसंख्या दिवस कल



विश्व के सबसे बड़े युवा आबादी वाले देश के रूप में भारत है, देश में क्षेत्रफल की तुलना में आबादी हद से ज्यादा बढ़ चुकी है, जिससे विकास का चक्र धीमा होकर समाज के हर वर्ग और हर नागरिक तक सुविधाएं पहुंचाना मुश्किल हो जाता है। विभिन्न परिस्थितियों के कारण हर किसी को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिलता या आवश्यक विकास संभव नहीं हो पाता, जिससे देश में संसाधनों का अत्यधिक दोहन, गलिच्छ बस्तियां, अशुद्ध वातावरण, प्रदूषण, अशुद्ध हवा–पानी, निम्न जीवनमान जैसी समस्याओं का निर्माण होता है और आगे ये समस्याएं आर्थिक असमानता, भुखमरी, कुपोषण, बेरोजगारी, महंगाई, नशाखोरी, अपराधवृत्ति, मिलावटखोरी, भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं को तेजी से बढाती है, लोग अपने स्वार्थ के हिसाब से जीने लगते हैं और नैतिकता, नीति–नियम, सामूहिक जिम्मेदारी, देश के प्रति कर्तव्य भावना बस नाम के लिए रह जाती है। अन्नदाता किसानों की आत्महत्याएं रुकने का नाम नहीं ले रही है। हर वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए सरकारी योजनाएं, आयोग, कानून, नीतियां, मंत्रालय, विभाग, संगठन होकर भी लोग समस्याओं से जूझते है क्योंकि उन्हें उचित सुविधाएं आवश्यकता अनुसार नहीं मिल रही है। विश्व के कई विकसित देशों की जनसंख्या के मुकाबले हमारे देश के एक–एक राज्य की जनसंख्या है। नवीनतम संयुक्त राष्ट्र डेटा वर्ल्डोमीटर विस्तार के आधार पर, 1 जुलाई, 2024 तक भारत की वर्तमान जनसंख्या 1,441,696,095 थी। भारत की जनसंख्या विश्व की कुल जनसंख्या का 17.76 प्रतिशत है। जनसंख्या के आधार पर भारत नंबर 1 पर है। बिजनेस स्टैंडर्ड की रिपोर्ट के अनुसार सितंबर 2023 तक देश पर 205 लाख करोड़ रुपया कर्ज हो गया, पिछले दस साल में 150 लाख करोड़ कर्ज बढ़ गया, जबकि 2004 में कर्ज 17 लाख करोड़ रुपये था। विश्व आर्थिक मंच रिपोर्ट 2021 अनुसार, भारत की शिक्षा की गुणवत्ता दुनिया में 90 वें स्थान पर है, ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल की रिपोर्ट के अनुसार, भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2023 में भारत 180 देशों में से 93वें स्थान पर है। 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत की झुग्गी–झोपड़ियों की आबादी लगभग 6.5 करोड़ है जो शहरी भारत का 17 प्रतिशत और भारत की कुल आबादी का 5.4 प्रतिशत है। 2011 में, महाराष्ट्र में झुग्गियों में रहने वाली आबादी 1.18 करोड़ थी, इसके बाद आंध्रप्रदेश में लगभग 1.02 करोड़ थी। देश में संपत्ति व आय प्राप्ति में बहुत असमानता है, जो लगातार बढ़ रही है। भारत में संपत्ति असमानता से पता चलता है कि शीर्ष 10 फीसदी आबादी के पास कुल राष्ट्रीय संपत्ति का 77 प्रतिशत हिस्सा है, सबसे अमीर 1 फीसदी के पास देश की 53 प्रतिशत संपत्ति है, जबकि सबसे गरीब में से आधे लोगों के पास राष्ट्रीय संपत्ति का केवल 4.1 प्रतिशत हिस्सा है। विश्व असमानता रिपोर्ट 2022 के अनुसार, शीर्ष 10 फीसदी के पास कुल राष्ट्रीय आय का 57 प्रतिशत है तथा शीर्ष 1 फीसदी के पास राष्ट्रीय आय का 22 प्रतिशत है। सबसे निम्न 50 फीसदी की हिस्सेदारी 13 प्रतिशत हो गई है। देश के कुल वस्तु एवं सेवा कर अर्थात जीएसटी का लगभग 64 प्रतिशत पैसा नीचे की 50 फीसदी आबादी से आया, जबकि केवल 4 प्रतिशत शीर्ष 10 फीसदी से आया। एफएओ, आईएफएडी, यूनिसेफ, डब्ल्यूएफपी और डब्ल्यूएचओ की संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया की 42.1 प्रतिशत आबादी को स्वास्थ्यवर्धक पोषक भोजन तक पहुंच नहीं है, जबकि भारतीय आबादी के लिए यह आंकड़ा 74.1 प्रतिशत है। 16.6 प्रतिशत भारतीय कुपोषित हैं, जबकि दुनिया की आबादी का 9.2 प्रतिशत है। विश्व भूख सूचकांक में भारत 125 देशों में से 111 वें स्थान पर है, जो भूख की तीव्रता के गंभीर स्तर को दर्शाता है।

ब्लूमबर्ग के हवाले से नैटिक्सिस एसए की रिपोर्ट अनुसार, भारत को 2030 तक 11.5 करोड़ नौकरियां पैदा करने की जरूरत है, अर्थात हर साल 1.65 करोड़ नौकरियां। साल 2030 तक, पृथ्वी पर कामकाजी हर पांच लोगों में से एक भारतीय होगा। हाल ही में, मानव विकास संस्थान और अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने 'भारत रोजगार रिपोर्ट 2024' नामक एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें बताया गया है कि भारत बढ़ती युवा बेरोजगारी दर से जूझ रहा है। भारत के बेरोजगार कार्यबल में लगभग 83% युवा हैं, और कुल बेरोजगारी में माध्यमिक या उच्च शिक्षा प्राप्त युवाओं की हिस्सेदारी 2000 में 35.2% से लगभग दोगुनी होकर 2022 में 65.7% हो गई है। देश में बेरोजगारी का आलम से तो सभी वाकिफ है ही। चपरासी के पद के लिए भी बड़ी मात्रा में उच्च शिक्षित, पीएचडी पदवी धारक भी आवेदन करते है। सरकारी उपाययोजना, नीतियों के बावजूद, सामाजिक असमानता बनी हुई है। डब्ल्यूएचओ प्रति 1000 जनसंख्या पर 1 डॉक्टर और 3 नर्स के अनुपात की सिफारिश करता है, जबकि देश में प्रति 1000 लोगों पर 0.73 डॉक्टर और 1.74 नर्सें है। सरकारी विभागों में बड़ी मात्रा में बरसों से पद खाली पड़े है, अधिकतर विभागों में कर्मचारियों की कमी होने से बहुत बार सरकारी सुव्यवस्था और विकास बोझ तले दबे हुए प्रतीत होते है, जिसका खामियाजा सामान्य जनता को भुगतना पड़ता है। उदाहरण के लिए ट्रैफिक पुलिस की कमी के कारण अनेक शहर में ट्रैफिक सिग्नल पर यातायात की समस्या अर्थात हर ट्रैफिक सिग्नल पर ट्रैफिक पोलिस नजर ही नहीं आती इसलिए अधिकतर वाहन सिग्नल तोड़ कर निकलते है, दुर्घटना होने पर समय पर सहायता नहीं मिलती, ट्रैफिक जाम में एंबुलेंस तक को निकलने जगह नहीं मिलती है। कहीं सड़क खोदकर छोड़ देते है, कहीं सड़क पर कचरे का ढेर लगा रहता है, कहीं खुली गटर, तो कहीं पिने का पानी बहता रहता, तो कहीं दिन में सड़कों पर स्ट्रीट लाइट शुरू रहती है। प्रदूषण के कारण शुद्ध ऑक्सीजन, शुद्ध पानी, शुद्ध आहार अब मिलना मुश्किल हो गया है। मिलावटखोरी का ये आलम है कि शहर में रोज हजारों दुकानों, व्यवसायिकों, होटलों पर जाँच होनी चाहिए, परंतु बड़े त्योहारों या साल में कभी–कभार ही सरकारी विभागों द्वारा जाँच होने की खबरें पढ़ने को मिलती है। कर्मचारियों की कमी से शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, न्याय हर क्षेत्र में समस्या नजर आती है, जिससे काम लंबित होते है, सालो–साल पेंडिंग फाइल का काम चलता है, कार्य की गुणवत्ता निम्न होती जाती है और सामान्य मनुष्य का जीवन संघर्षमय बनता जाता है। ऐसी स्थितियों में सत्ताधारी, अधिकारी वर्ग, कर्मचारी अपने स्वार्थ के लिए पद का दुरुपयोग करने की संभावना बढ़ जाती है।

सौ बात की एक बात है कि जनसंख्या के मुकाबले सुविधाएं कम है और तब मांग की तुलना में पूर्ति कम होने पर गुणवत्ता गिरती है। शहर, महानगर 10 साल में दोगुनी आबादी से बढ़ रहे है, अगर ग्रामीण क्षेत्रों को ही विकसित करके वहां के लोगों के लिए बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधा और अच्छे रोजगार के मौके दिए जाये तो उनका शहरों की ओर पलायन कम होगा। बढ़ती आबादी सरकारी प्रणाली, तकनीक और प्राकृतिक संसाधनों पर दबाव बनाती है। जनसंख्या नियंत्रण और कुशल प्रशासन होने पर ही सबको बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार की सुविधा मिल सकती है, सभी बच्चों को उच्चतम परवरिश मिलेगी, तभी सबका जीवनमान सुधरेगा। सरकार ने कार्यकलापों को तय समय में निपटाना चाहिए, सबको शिक्षा अनुसार रोजगार मिलना चाहिए। प्रत्येक विभाग, क्षेत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए पदभरती हर साल होनी चाहिए। हर घर शिक्षा अनुसार एक सरकारी नौकरी की योजना पर जोर देना चाहिए, भले ही फिर सभी मुफ्त की सरकारी योजनाएं बंद करनी पडे, क्योंकि हर परिवार आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार के लिए बेहतर जीवनयापन कर सकता है। अगर चपरासी से लेकर कलेक्टर तक प्रत्येक सरकारी कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, पार्षद, विधायक, सांसद और सरकार में काम करनेवाले हर एक ने सरकारी स्कूल, कॉलेज, रेलवे, सरकारी बस, सरकारी अस्पताल की सेवाओं का उपभोग अपने और परिवार के लिए करें तो, इससे इन विभागों, क्षेत्रों में तेजी से विकास होगा, गुणवत्ता बढ़ेगी। जैसे बड़े नेताओं के दौरे के वक्त रातोरात सड़कें चकाचक कर दी जाती है। इसी सोच से देश का शीघ्र ही कायाकल्प किया जा सकता है। सरकारी यंत्रणा मजबूत, गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शक और विकसित होनी चाहिए। प्रत्येक नागरिक को उसकी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति आसानी से होनी चाहिए। जनता की जिम्मेदारी है कि सरकार को पूरा सहयोग करें और नीति नियमों का पालन करें।

### नजरिया

# आम बजट : फिर जागी वरिष्ठ नागरिकों की उम्मीदें

**अशोक भाटिया**



वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के बजट से सीनियर सिटीजंस को काफी उम्मीद हैं। वित्तमंत्री 23 जुलाई को लोकसभा में यूनियन बजट पेश करेंगी। इस साल 1 फरवरी को पेश बजट में वित्तमंत्री ने सीनियर सिटीजंस के लिए कोई बड़ा ऐलान नहीं किया था। इसलिए सीनियर सिटीजंस को आने वाले बजट से ज्यादा उम्मीदें हैं,ताकि उन्हें पता चल सके कि उनके बटुए में और ज्यादा पैसे आएंगे या नहीं। इनकम टैक्स क़ानून के अनुसार, सीनियर सिटिज़न्स को दो समूहों में बांटा गया है सीनियर सिटिज़न्स और सुपर सीनियर सिटिज़न्स। इनमें से प्रत्येक समूह के लिए टैक्स सम्बन्धी क़ानून भी अलग–अलग हैं। सीनियर सिटिज़न्स यानी 60 से 80 साल की उम्र के लोगों के लिए 3 लाख रुपये की इनकम तक टैक्स माफ़ है। सुपर सीनियर सिटिज़न्स यानी 80 साल से ज्यादा उम्र के लोगों के लिए 5 लाख रुपये की इनकम तक टैक्स माफ़ है। रिटायर्ड लोग चाहते हैं कि यह अंतर ख़त्म हो जाए क्योंकि कई लोगों के पास, पेंशन और इन्वेस्टमेंट को छोड़कर इनकम का कोई अन्य साधन नहीं है। उनका मानना है कि सबके लिए 5 लाख रुपये की छूट सीमा तय की जानी चाहिए ताकि सभी सीनियर सिटिज़न्स पर टैक्स का बोझ कम हो सके।मौजूदा टैक्स स्लैब के अनुसार, सीनियर सिटिज़न्स को अलग–अलग रेट के हिसाब से टैक्स देना पड़ता है। सीनियर सिटीजंस को उम्मीद है कि वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण हेल्थ इंश्योरेंस के प्रीमियम पर डिडक्शन बढ़ा सकती हैं। अभी 60 साल और इससे ज्यादा उम्र के लोगों को हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी के प्रीमियम पर सालाना 50,000 रुपये डिडक्शन की इजाजत है। बुजुर्गों का कहना है कि पिछले कुछ सालों में खासकर कोविड की महामारी के बाद हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी का प्रीमियम काफी बढ़ गया है। इसलिए सरकार को 50,000 रुपये के डिडक्शन को बढ़ाकर कम से कम एक लाख रुपये कर देना चाहिए। इससे उन पर टैक्स का बोझ घटेगा ।

सीनियर सिटिज़न्स पर महंगाई का ज्यादा असर पड़ता है। उनके इनकम के साधन सीमित और अक्सर निश्चित होने के कारण, बढ़ती महंगाई के कारण सीधे तौर पर उनकी खरीदने की ताकत कम हो सकती है। उनके पास महंगाई से लड़ने के लिए अपने इनकम को बढ़ाने का कोई तरीका नहीं भी हो सकता है। इसलिए, सरकार उन्हें अधिक से अधिक, महंगाई को मात देने वाले सेविंग्स और इन्वेस्टमेंट ऑप्शंस देने के बारे में सोच सकती है। वर्तमान में, सीनियर सिटिज़न्स सेविंग्स स्कीम में 30 लाख रुपये तक इन्वेस्ट किया जा सकता है जिस पर 8.2 % प्रति वर्ष की दर से सुनिश्चित रिटर्न मिलता है। सरकार इस सीमा को बढ़ाने, ज्यादा रेट ऑफ़ रिटर्न देने और एक कम लॉक–इन फिक्स करने के बारे में सोचना चाहिए । इससे सीनियर सिटिज़न्स की खरीदने की ताकत बढ़ जाएगी और उन्हें बेहतर लिक्विडिटी मिल पाएगी।

कई सीनियर सिटीजन की मांग है कि उन्हें चालू ब्याज से 2 प्रतिशन अतिरिक्त ब्याज मिलना चाहिए । वैसे इस समय ऍफ़डी ब्याज दरों की बात करें तो डीसीबी बैंक में सीनियर सिटीजन को एफडी पर 8.6% का ब्याज मिल रहा है। पंजाब एंड सिंध बैंक में सीनियर सिटीजन को एफडी पर 7.9% का ब्याज दे रहा है। ज्यादातर बैंक सीनियर सिटीजन को अधिकतम 7.75 फीसदी का ब्याज दे रहे हैं। इसमें एसबीआई, कऊ्रऋउ, खउखउख इरपज्ञ आदि शामिल हैं। अगर सरकार 2 फीसदी तक ब्याज बढ़ता है तो सीनियर सिटीजन को मिलने वाला ब्याज 10 फीसदी तक जा सकता है।जिससे उनके बुढ़ापे की गाड़ी आसानी से चल सकती है ।

वसई पूर्व सीनियर सिटीजन एसोसिएशन के पूर्व जॉइंट सेक्रेटरी आनंद बोंगिरवार के अनुसार सरकार वरिष्ठ नागरिको का बँक मे जमा पूँजी की पुरी राशी की सुरक्षा की गॅरंटीकरें इसे 5 लाख की सीमा में लॉक अप न किया जाय । देश में चल रहे सभी विमान सेवा नागरिकों को 50% डिस्काउंट प्रदान किया जाये , विमान सरकारी हो यां गैर सरकारी।इस समय पारिवारिक पेंशन के लिये 65 लाख लोग पेन्शन के लिये लगातार संघर्ष कर रहे है सभी वरिष्ठ नागरिक को पेन्शन प्रदान किया जाय क्योकि उन्होंने अपने जीवन काल मे बहुत ही कम पैसे मे गुजर किया था और महंगाई बढ़ने पर उनकी जमा पुंजी मे कमी हो गई हैं।इसी प्रकार सीनियर सिटीजन को दांतो की बीमारी के लिए इनकम टैक्स में कोई छूट नहीं मिलती। नकली दाँत बनवाने, और दांतों का इलाज करने की इनकम टैक्स में छूट दी जावे। दांतो के इलाज़ में एक बड़ी धनराशि ख़र्च होती है।मोदी सरकार ने चुनाव के पहले वायदा किया था कि 70 वर्ष से ऊपर के हर वर्ग के सीनियर सिटीजन को आयुष्मान कार्ड दिया जाएगा इस वायदे को इस बज़ट में मोहर लगाई जाय व उम्र सीमा घटा कर70 से 60 वर्ष की जाय । कोविड से पहले तक सीनियर सिटीजन को ट्रेन टिकट पर 40 से 50 फीसदी तक की छूट दी जाती थी लेकिन ये छूट कोविड के समय खत्म कर दी गई। कोविड का डर देश और दुनिया में खत्म होने के बाद भी सरकार ने इस छूट को फिर से शुरू नहीं किया है। अब सीनियर सिटीजन बजट में ट्रेन टिकट पर 50 फीसदी तक की छूट दिये जाने की डिमांड कर रहे हैं। वह उम्मीद कर रहे हैं कि सरकार उन्हें ये छूट फिर से देना शुरू करेंगे।गौरतलब है कि आईआरसीटीसी सीनियर सिटीजन के लिए स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेनों की सभी केटेगरी में रियायती किराए ऑफर करता था। आईआरसीटीसी साल 2019 के अंत तक 60 साल से अधिक उम्र के सीनियर सिटीजन और 58 साल या उससे अधिक उम्र की महिला बुजुर्ग यात्रियों को दुरंतो, शताब्दी, जन शताब्दी, राजधानी, मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के ट्रेन टिकटों पर किराए में छूट देता था। जहां पुरुष वरिष्ठ नागरिक 40 प्रतिशत की रियायत के पात्र थे, वहीं महिला वरिष्ठ नागरिक ट्रेन टिकट पर 50 प्रतिशत की छूट का लाभ उठा सकती थी।साल 2019 के अंत तक सीनियर सिटीजन को ट्रेनों की टिकट की कीमत पर 40 से 50 फीसदी तक की छूट मिली थी। अगर राजधानी का फर्स्ट एसी का टिकट 4,000 रुपये है तो सीनियर सिटीजन को 2,000 या 2,300 रुपये में मिलता था। फिर साल 2019 के अंत और साल 2020 की शुरुआत में कोविड देश और पूरी दुनिया में फैल गया जिसके बाद खउउढउ की टिकट बुकिंग विंडो पर ये सर्विस मिलनी बंद हो गई। अब सीनियर सिटीजन उम्मीद कर रहे हैं कि बजट में उन्हें ये खास छूट फिर से मिलेगी।

सीनियर सिटीजंस का कहना है कि कई ऐसे बुजुर्ग हैं, जिनका अपना घर नहीं है। वे किराया के घरों में रहते हैं। उन्हें हर महीने मकानमालिक को किराया चुकाना पड़ता है। रेगुलर इनकम नहीं होने से उन्हें दिक्कत आती है। सरकार को ऐसे सीनियर सिटीजंस को घर के किराए पर टैक्स डिडक्शन देना चाहिए, जिनकी रेगुलर इनकम नहीं है। इससे बुजुर्गों पर टैक्स का बोझ कम होगा। उन्हें उम्मीद है कि वित्तमंत्री इस बार बजट में उनकी यह मांग पूरी करेंगी। वर्तमान में, मूल कर छूट सीमा वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष से अधिक आयु) के लिए 3 लाख रुपये और बहुत वरिष्ठ नागरिकों (80 वर्ष से अधिक आयु) के लिए 5 लाख रुपये है। यह वह सीमा है जिस तक वरिष्ठ नागरिक की आय पर कर नहीं लगता है। अब, मांग यह है कि बजट में नई कर व्यवस्था में वरिष्ठ नागरिकों (60 वर्ष से अधिक) के लिए मूल कर छूट सीमा को 3 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया जाना चाहिए, जो कि बहुत वरिष्ठ नागरिकों (80 वर्ष से अधिक) के समान है। वरिष्ठ नागरिक आगामी 2024 बजट में संभावित बोनस योजनाओं और कर प्रोत्साहनों को लेकर आशान्वित हैं। यह उम्मीद बुजुर्ग आबादी के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता की आवश्यकता पर आधारित है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए तैयार किए गए बोनस धन का सीधा इंजेक्शन प्रदान कर सकते हैं, जिससे स्वास्थ्य देखभाल, दैनिक जीवन और अन्य आवश्यक खर्चों से जुड़ी बढ़ती लागत को संबोधित करने में मदद मिलेगी। इससे न केवल वरिष्ठ नागरिकों की वित्तीय सुरक्षा बढ़ेगी बल्कि समाज में उनके योगदान को भी मान्यता मिलेगी। तो, ये वित्त वर्ष 2024–25 के आगामी केंद्रीय बजट के लिए वरिष्ठ नागरिकों की कुछ सामान्य उम्मीदें हैं। वरिष्ठ नागरिकों की आर्थिक चुनौतियों का समाधान करके, सरकार बुजुर्ग समुदाय को सशक्त और उत्थान कर सकती है, जिससे उनकी सेवानिवृत्ति के वर्षों के दौरान अधिक सम्मानजनक और आरामदायक जीवन सुनिश्चित हो सके। हालांकि, चूंकि यह बजट 'वोट ऑन अकाउंट' है, इसलिए ये उम्मीदें पूरी होंगी या नहीं, इसका खुलासा 23 जुलाई 2024 को होगा।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# चीन में चालक रहित कार ने पैदल यात्री को टक्कर मारी, एआई की चुनौती पर चर्चा

**बीजिंग/एपी।** चीन में एक चालक रहित कार ने एक पैदल यात्री को टक्कर मार दी तथा सोशल मीडिया पर लोग कार निर्माता का पक्ष ले रहे हैं क्योंकि व्यक्ति कथित तौर पर गाड़ियों के लिये हरी बत्ती होने के बावजूद सड़क पार कर रहा था।

कार निर्माता दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी बायदू ने चीनी मीडिया में जारी बयान में कहा कि हरी बत्ती होते ही कार चलने लगी और उसकी पैदल यात्री से मामूली टक्कर हुई। कंपनी ने बताया कि पीड़ित को अस्पताल ले जाया गया जहां जांच में पाया गया कि उसे कोई बाहरी चोट नहीं आयी। चीन के वित्तीय समाचार संगठन 'यीकाई' ने कहा कि वुहान शहर में हुई यह घटना जटिल स्थितियों में चालक रहित कार की चुनौतियों को उजागर करती है। उसने विशेषज्ञ के हवाले से कहा कि यातायात कानूनों का उल्लंघन करने वाले वाहनों या पैदल यात्रियों से निपटने में इस प्रौद्योगिकी की सीमाएं हो सकती हैं। 'शंघाई डेली' समाचार पत्र ने पोस्ट में कहा कि सोशल मीडिया पर आयी तस्वीरों में व्यक्ति को चालक रहित कार के सामने सड़क पर बैठे हुए देखा गया। सोशल मीडिया पर आयी टिप्पणियों में बायदू का काफी हद तक समर्थन करते हुए कहा है कि पैदल यात्री ने कानून तोड़ा था।

# इंडोनेशिया में भूस्खलन के बाद लापता लोगों की तलाश में जुटे बचावकर्मी



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जकार्ता/एपी।** इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर सोने की एक अवैध खदान में भूस्खलन के बाद बचावकर्मी मंगलवार को मलबा हटाकर लापता लोगों की तलाश में जुटे हैं। इस हादसे में कम से कम 23 लोगों की मौत हो चुकी है।

प्रांतीय खोज एवं बचाव कार्यालय के प्रमुख हेरियांतो ने बताया कि दूरस्थ और पर्वतीय गांव बोन बोलांगो में रविवार को 100 से अधिक ग्रामीण सोने के लिए खुदाई कर रहे थे, तभी आसपास के पर्वतों से कई टन मिट्टी गिरी, जिससे उनके अस्थायी शिविर दब गए।

बचावकर्मियों ने भूस्खलन से तबाह हो चुके इस गांव में मंगलवार को और शव बरामद किए, जहां सोने की खान स्थित है।

हेरियांतो ने बताया, ''मौसम में सुधार होने से हमें और शव बरामद करने में मदद मिली।''


हेरियांतो के कार्यालय के अनुसार, 66 ग्रामीण भूस्खलन से बच निकले, बचावकर्मियों ने करीब 23 लोगों को जीवित बाहर निकाला, जिनमें से 18 लोग घायल हैं। तीन महिलाओं व चार वर्षीय लड़के समेत 23 शव बरामद किए गए हैं।

## अब तक 23 शव बरामद

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने बताया कि शनिवार से इस पर्वतीय जिले में हो रही मूसलाधार बारिश के कारण भूस्खलन हुआ और एक तटबंध टूट गया, जिससे बोन बोलांगो के पांच गांवों में बाढ़ आ गयी। बाढ़ के कारण करीब 300 मकान प्रभावित हुए और 1,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी।

एक स्थानीय बचाव अधिकारी इलाहुदे ने बताया कि प्राधिकारियों ने शवों और लापता लोगों की तलाश के लिए पुलिस और सैन्यकर्मियों सहित 200 से अधिक बचावकर्मियों को तैनात किया है।

उन्होंने कहा, ''कई लोगों के लापता होने और कुछ दूरस्थ इलाकों तक संपर्क न होने के कारण मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।''




## हम यूपीआई में बाजार हिस्सेदारी के बारे में चिंतित नहीं: अमेजन पे

**मुंबई/भाषा।** अमेजन पे इंडिया यूपीआई पारिस्थितिकी तंत्र में अपनी बाजार हिस्सेदारी को लेकर चिंतित नहीं है। कंपनी डिजिटल भुगतान क्षेत्र में अवसर पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रही है। अमेजन पे के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विकास बंसल ने एक सवाल के जवाब में यह बात कही। उनसे दिसंबर, 2024 तक किसी एक इकाई की बाजार हिस्सेदारी को 30 प्रतिशत तक सीमित करने के एनपीसीआई दिशानिर्देश के बारे में पूछा गया था। उन्होंने कंपनी के एक कार्यक्रम में संवाददाताओं से कहा, ''अवसर इतना बड़ा और व्यापक है कि अब भी कई खिलाड़ियों को इसमें भूमिका निभानी है। इसलिए, मैं हिस्सेदारी के बारे में कभी चिंतित नहीं होता, और किसके पास कितना है। मुझे इस बात की चिंता है कि क्या मैं ग्राहक को सर्वश्रेष्ठ दे सकता हूं और हमारे सामने कितने अवसर हैं।''

## सहयोगात्मक शिक्षा प्रणाली तैयार करने को केंद्र के साथ मिलकर काम करें राज्य: प्रधान



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शिक्षा के परिवेश को मजबूत करने के लिए राज्यों से केंद्र के साथ एक टीम के रूप में काम करने की मंगलवार को अपील की। उन्होंने कहा कि सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सर्वोत्तम परंपराओं का अनुकरण करना चाहिए और इसे बढ़ावा देने के लिए एक टीम के रूप में काम करने का आग्रह किया। प्रधान ने शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ समीक्षा बैठक में यह टिप्पणी की।

बैठक का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की समीक्षा करना और इसका राज्यों में क्रियान्वयन करने के साथ-साथ मंत्रालय की प्रमुख योजनाओं जैसे समग्र शिक्षा, पीएम श्री, पीएम पोषण, उल्लास आदि को नीति के साथ समायोजित करना था। उन्होंने कहा, ''शिक्षा के परिवेश को मजबूत करने के साथ-साथ सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में सर्वोत्तम परंपराओं का अनुकरण एवं उसे बढ़ावा देने के लिए राज्यों और केंद्र, दोनों को एक टीम के रूप में काम करना होगा। सभी हितधारकों को क्षमताओं को मजबूत करने, एक सहयोगात्मक शिक्षा प्रणाली बनाने और विकसित भारत के प्रमुख स्तंभ के रूप में शिक्षा का लाभ उठाने के लिए एकजुट होकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा, ''राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लगभग चार वर्षों में, देश में शिक्षा के परिवेश ने जबरदस्त प्रगति की है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति का कार्यान्वयन भारत को ज्ञान की महाशक्ति बनाने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक समान और समावेशी पहुंच प्रदान करने की कुंजी है।''





# प्रधानमंत्री मोदी ने मास्को में 'अज्ञात सैनिक के मकबरे' पर श्रद्धांजलि अर्पित की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मॉस्को/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस की दो दिवसीय यात्रा पर मंगलवार को मास्को में 'अज्ञात सैनिक के मकबरे' पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मोदी यहां रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेने आए हैं। उन्होंने समाधि पर पुष्पांजलि भी अर्पित की।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''बहादुरों को भावभीनी श्रद्धांजलि! प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मास्को में अज्ञात सैनिक के मकबरे पर पुष्पांजलि अर्पित की और वीरता, बलिदान और अदम्य मानवीय साहस को सलाम किया।''

यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की शुरुआत के बाद से मोदी की यह पहली रूस यात्रा है।

'अज्ञात सैनिक का मकबरा' मास्को में क्रेमलिन वाल पर स्थित एक युद्ध स्मारक है।

इस स्मारक के सामने एक वर्गाकार मैदान में पांच कोण वाला तारा बना हुआ है और उसके केंद्र में अमर ज्योति जलती रहती है। यह वहां पर मौजूद कांस्य शिलालेख को रौशन करती है।

यह द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अपनी जान गंवाने वाले सोवियत सैनिकों को समर्पित है।

इससे पहले दिन में प्रधानमंत्री मोदी ने यहां भारतीय समुदाय को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भारत बदल रहा है क्योंकि वह अपने 140 करोड़ नागरिकों की ताकत में विश्वास करता है जो अब 'विकसित भारत' के अपने संकल्प को वास्तविकता में बदलने का सपना देख रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी चुनौतियों को चुनौती देना उनके डीएनए में है और भारत आने वाले वर्षों में वैश्विक विकास का एक नया अध्याय लिखेगा।

# यूक्रेन संघर्ष के किसी भी समाधान में उसकी संप्रभुत्ता का सम्मान हो : अमेरिका ने भारत से कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**वाशिंगटन/भाषा।** अमेरिका ने कहा कि उसने भारत से रूस को यह स्पष्ट करने का आग्रह किया है कि यूक्रेन में संघर्ष के किसी भी समाधान में संयुक्त राष्ट्र चार्टर तथा यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता तथा संप्रभुत्ता का सम्मान होना चाहिए।

अमेरिका ने कहा कि भारत एक रणनीति साझेदार है जिसके साथ वह पूर्ण और स्पष्ट बातचीत करता है। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रूस की यात्रा तथा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी बैठकों के बारे में पूछा गया था जिस पर उन्होंने यह जवाब दिया।

मिलर ने कहा, ''भारत एक रणनीतिक साझेदार है जिसके साथ हम पूर्ण और स्पष्ट बातचीत करते हैं। इसमें रूस के साथ उनके संबंधों को लेकर हमारी चिंताएं भी शामिल हैं।'' उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''हम भारत से यह स्पष्ट करने का अनुरोध करेंगे कि यूक्रेन में संघर्ष के किसी भी समाधान में संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान होना चाहिए, यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता व संप्रभुत्ता का सम्मान होना चाहिए।'' उन्होंने एक अन्य सवाल के जवाब में कहा, ''मैं प्रधानमंत्री मोदी की सार्वजनिक टिप्पणियों का इंतजार करूंगा कि उन्होंने क्या बात की। लेकिन जैसा कि मैंने कहा, हमने भारत से रूस के साथ उनके संबंधों के बारे में अपनी चिंताओं को स्पष्ट कर दिया है। इसलिए हम उम्मीद करेंगे कि भारत और कोई भी अन्य देश, जब वे रूस के साथ बातचीत करें, तो यह स्पष्ट करेंगे कि रूस को संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करना चाहिए, यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना चाहिए।''

रूस के साथ अपनी 'विशिष्ट रणनीतिक साझेदारी' का भारत पुरजोर बचाव करता रहा है और यूक्रेन संघर्ष के बावजूद संबंधों में गर्मजोशी बनी रही है। रूस के साथ अपनी मजबूत दोस्ती को इंगित करते हुए भारत ने अभी तक यूक्रेन पर रूस के आक्रमण की निंदा नहीं की है। भारत यह कहता रहा है कि संकट को कूटनीति और बातचीत के माध्यम से हल किया जाना चाहिए।

पुतिन ने सोमवार रात अपने सरकारी आवास 'नोवो-ओगरियोवो' पर एक 'निजी मुलाकात' के लिए मोदी का स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने देश की प्रगति के वास्ते किए गए कार्यों के लिए मोदी की तारीफ की। यह दो साल से अधिक समय पहले यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद मोदी की पहली रूस यात्रा है।

यूक्रेन पर मॉस्को का आक्रमण शुरू होने के बाद रूस की पहली यात्रा के तहत यहां पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ मंगलवार को शिखर वार्ता करेंगे। इस यात्रा को व्यापक भू-राजनीतिक संदर्भ और संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

मॉस्को पहुंचने के तुरंत बाद मोदी ने कहा कि वह भविष्य के क्षेत्रों में द्विपक्षीय साझेदारी को और प्रगाढ़ करने के लिए उत्सुक हैं और भारत और रूस के बीच मजबूत संबंधों से ''हमारे लोगों को बहुत लाभ होगा।''

प्रधानमंत्री ने अपने प्रस्थान वक्तव्य में कहा कि भारत शांतिपूर्ण और स्थिर क्षेत्र के लिए ''सहायक भूमिका'' निभाना चाहता है।

# पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में तीन सैनिक अगवा

## आतंकवादियों ने कोट आजम और कोट किला इलाके के बीच की थी नाकाबंदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पेशावर (पाकिस्तान)/भाषा।** पाकिस्तान में अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के टांक जिले में मंगलवार को अज्ञात आतंकवादियों ने अर्द्धसैन्य फ्रंटियर कोर के तीन सैनिकों का अपहरण कर लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी।

सैनिक एक कार में सवार होकर सोर कमर एफसी चौकी से टांक बाजार जा रहे थे तभी आतंकवादियों ने एक नाके पर उन्हें रोक लिया। आतंकवादियों ने कोट आजम और कोट किला इलाके के बीच नाकेबंदी की थी।

नाकेबंदी पर आतंकवादी तीन सैनिकों को अपने साथ ले गए और उनके एटीएम कार्ड और पहचान पत्र कार चालक को सौंप दिए। उन्होंने यह कार किराए पर ली थी जिसका चालक असैन्य नागरिक था। कार चालक ने बताया कि अपहरण के समय सैनिक छुट्टियों पर घर जा रहे थे। कार चालक ने सैनिकों का सामान कोर किला में एफसी प्राधिकारियों को सौंप दिया।

पिछले महीने टांक जिले में ही तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने कम से कम 13 मजदूरों को अगवा कर लिया था। पुलिस ने नौ मजदूरों को कुछ घंटों में मुक्त करा लिया था जबकि चार मजदूर अब भी बंधक हैं। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन टीटीपी ने तीन जुलाई को एक वीडियो जारी किया जिसमें चारों मजदूर पंजाब की मुख्यमंत्री मरयम नवाज से उनकी रिहाई सुनिश्चित करने का अनुरोध कर रहे हैं और अपनी जान खतरे में होने की बात कह रहे हैं।

पाकिस्तानी सेना की मीडिया इकाई ने कहा कि इस महीने की शुरुआत में सुरक्षाबलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में नौ आतंकवादियों को मार गिराया था।

## शास्त्रीय भाषा वर्गीकरण के मानदंड बदल सकती है मोदी सरकार: कांग्रेस

**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने मंगलवार को एक खबर का हवाला देते हुए दावा किया कि सरकार शास्त्रीय भाषा वर्गीकरण के मानदंड में बदलाव कर सकती है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने यह सवाल भी किया कि क्या यह मराठी को एक भाषा के रूप में मान्यता देने से रोकने का प्रयास है।

रमेश ने अंग्रेजी दैनिक 'द हिंदू' की एक रिपोर्ट 'एक्स' पर साझा की, जिसमें दावा किया गया है कि केंद्र सरकार ने शास्त्रीय भाषा टैग देने के मानदंडों में बदलाव करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा, ''दस वर्षों से कांग्रेस मांग कर रही है कि मराठी को शास्त्रीय भाषा घोषित किया जाए। महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण ने 11 जुलाई 2014 को इस विषय पर 'नॉन-बायोलॉजिकल' प्रधानमंत्री के तत्कालीन संस्कृति और पर्यटन मंत्री श्रीपाद नाइक को पत्र लिखा था। उसी साल 13 मई को मैंने पृथ्वीराज चव्हाण की मांग दोहराई थी।'' रमेश का कहना है कि मनमोहन सिंह के प्रधानमंत्री रहते तमिल, संस्कृत, कन्नड़, तेलुगु, मलयालम और उड़िया को शास्त्रीय भाषाएं घोषित किया गया था।

# मुझे निशिकांत कामत की याद आती है : रितेश देशमुख ने 'लय भारी' के 10 साल पूरे होने पर कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** ''लय भारी'' फिल्म के इस महीने एक दशक पूरा होने पर अभिनेता-प्रोड्यूसर रितेश देशमुख ने कहा कि वह अपने मित्र निशिकांत कामत को याद करते हैं जिनकी दूरदृष्टि ने फिल्म को ब्लॉकबास्टर सफलता दिलाने में मदद की। देशमुख ने 'लय भारी' के बाद 2013 में आयी फिल्म 'बालक-पालक' से मराठी फिल्मों में बतौर प्रोड्यूसर शुरुआत की। उन्होंने 'लय भारी' से मराठी फिल्मों में अभिनय की दुनिया में पदार्पण किया था। कामत द्वारा निर्देशित यह फिल्म 11 जुलाई 2014 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई।

देशमुख ने कहा, ''मुझे प्रिय मित्र और निर्देशक निशिकांत कामत की याद आती है। उनकी ही दूरदर्शिता थी जिसके कारण फिल्म नए स्वरूप में सामने आयी। यह मेरी पहली मराठी फिल्म थी। यह एक महत्वाकांक्षी मराठी फिल्म भी थी...मैं उन्हें याद करता हूं और मुझे खुशी है कि 10 साल बाद भी इस फिल्म को याद किया जा रहा है।'' मुंबई फिल्म कंपनी द्वारा निर्मित इस फिल्म में शरद केलकर, राधिका आप्टे, तन्वी आजमी और अदिति पोहांकर ने अहम भूमिका निभायी थी जबकि सुपरस्टार सलमान खान और देशमुख की पत्नी जेनेलिया डीसूजा ने फिल्म में विशेष भूमिका अदा की थी। अजय देवगन अभिनीत 'दृश्यम' के लिए पहचाने जाने वाले कामत का 2020 में 50 वर्ष की आयु में निधन हो गया था।

# टेनिस खिलाड़ी जिसके साथ बल्लेबाजी करना पसंद करूंगा वह फेडरर है: तेंदुलकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने रोजर फेडरर को उस टेनिस खिलाड़ी के रूप में चुना है जिनके साथ वह बल्लेबाजी करना पसंद करेंगे। तेंदुलकर वर्षों से विंबलडन देखने के लिए जाते हैं। वह शनिवार को सेंटर कोर्ट पर फेडरर से मिले थे।

तेंदुलकर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा,''एक टेनिस खिलाड़ी जिसके साथ मैं बल्लेबाजी करना पसंद करूंगा वह रोजर हैं क्योंकि उनका क्रिकेट से भी संबंध है।'' उन्होंने कहा,''उनकी मां दक्षिण अफ्रीका की रहने वाली है और वह क्रिकेट को पसंद करते हैं। जब हम साथ में बैठते हैं तो केवल टेनिस पर ही नहीं क्रिकेट पर भी काफी बातचीत करते हैं, इसलिए वह टेनिस खिलाड़ी रोजर होगा।'' तेंदुलकर ने इसके साथ ही कहा कि उन्हें क्रिकेटरों में ऑस्ट्रेलिया के दिवंगत स्पिनर शेन वार्न और भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह के साथ टेनिस खेलना पसंद था तथा ये दोनों सर्वश्रेष्ठ युगल जोड़ीदार बन सकते थे। उन्होंने कहा,''दो मजबूत दावेदार हैं। दुर्भाग्य से दो साल पहले हमने शेन वार्न को खो दिया लेकिन मुझे वार्न के साथ टेनिस खेलना पसंद था और हमने लंदन में साथ में टेनिस खेली भी थी। दूसरा भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह है जो अब संन्यास ले चुका है। '' पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री को लगता है कि फेडरर, नोवाक जोकोविच और राफेल नडाल के युग के समाप्त होने के साथ यानिक सिनर और कार्लोस अल्काराज़ भविष्य के सितारे हैं। उन्होंने कहा,''जोकोविच, फेडरर, नडाल का युग खत्म हो रहा है या हो चुका है तथा वह सिनर और अल्काराज़ ही होंगे जो उनकी विरासत को आगे बढ़ाएंगे।''

## राहुल गांधी संविधान की रक्षा के लिए आला दर्जे का अभिनय करते हैं: बीआरएस नेता केटीआर



**नई दिल्ली/भाषा।** बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के. टी. रामाराव ने अपनी पार्टी के कई नेताओं के कांग्रेस में शामिल होने के बाद, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तंज कसते हुए मंगलवार को कहा कि वह संविधान की रक्षा के लिए आला दर्जे का अभिनय करते हैं। के. टी. रामाराव (केटीआर) ने यह भी कहा कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) अपने दलबदलू सदस्यों के खिलाफ कानूनी लड़ाई की तैयारी कर रही है और उन्होंने उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर करने की घोषणा की। पार्टी के सात विधायकों, छह विधान पार्षदों और राज्यसभा के एक सदस्य ने हाल में दलबदल कर कांग्रेस का दामन थाम लिया। बीआरएस प्रमुख और तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के बेटे केटीआर ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, ''हम उन सभी से मिलेंगे जो संविधान के संरक्षक हैं।'' उन्होंने निर्वाचन आयोग, राष्ट्रपति, राज्यसभा के सभापति और लोकसभा अध्यक्ष से संपर्क करने के पार्टी के इरादे को जाहिर किया। बीआरएस नेता ने कांग्रेस पर आरोप लगाया कि वर्ष 2023 के चुनावों में दलबदल पर अंकुश लगाने के लिए 10वीं अनुसूची में संशोधन का वादा करने के बावजूद उसने संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन किया। केटीआर ने कहा कि एक तरफ राहुल गांधी संविधान की प्रति लहरा रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर उनकी पार्टी इसका अपमान कर रही है।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

शहर के शिक्षक भवन में अपने प्रवचन सभा में आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि धर्मसंघ और समाज में अयोग्य, भ्रष्ट अथवा गलत लोग पदों पर आसीन नहीं होने चाहिएं। यह सावधानी बरतनी सभी के लिये आवश्यक है।

**रक्तदान** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत




बेंगलूरु के सेवा ब्रिगेड फाउंडेशन ने खाताबुक कम्पनी और मणिपाल अस्पताल व्हाइटफील्ड के सहयोग से रक्तदान शिविर का एचएसआर लेआउट में गिया जिसमें तीनों संस्थाओं के अनेक सदस्यों सहित बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया।

## साध्वी चैतन्यश्री का चातुर्मास प्रवेश रविवार को, तैयारियां जोरों पर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। स्थानीय वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ बेंगलूरु सेन्ट्रल के तत्वावधान में साध्वीश्री चैतन्यश्रीजी, जिज्ञासाश्रीजी, सुबोधिश्रीजी व निर्मितिश्रीजी का चातुर्मास प्रवेश 14 जुलाई को सुबह मुहूर्त में होगा। रविवार को सुबह 8 बजे चातुर्मास प्रवेश यात्रा वीवी पुरम स्थित सुब्रमण्यम स्ट्रीट सुरेशलाल किशोरकुमार समदड़िया निवास से प्रारंभ होकर महावीर धर्मशाला जाएगी जहां साध्वीश्री का चातुर्मास प्रवेश होगा। साध्वीश्री के चातुर्मास प्रवेश से संघ में उत्साह का माहौल व्याप्त है। अध्यक्ष अशोककुमार रांका व मंत्री महेन्द्रकुमार मुणोत अपने सहयोगी सदस्यों, युवा व महिला सदस्यों के साथ चातुर्मास प्रवेश की तैयारियों में जुटे हुए हैं ।



## समाज व धर्मसंघों पर होना चाहिए योग्य आचार्यों का अंकुश : आचार्यश्री विमलसागरसूरी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शहर के शिक्षक भवन में अपने प्रवचन सभा में आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि धर्मसंघ और समाज में अयोग्य, भ्रष्ट अथवा गलत लोग पदों पर आसीन नहीं होने चाहिएं। यह सावधानी बरतनी सभी के लिये आवश्यक है। तभी धर्म और समाज की अवनति रुक सकती है और उन्नति का पथ प्रशस्त हो सकता है। मात्र जमाने को दोष देने, गलत व्यवस्थाओं को कोसने अथवा अकर्मण्य बनकर बैठे रहने से सामाजिक परिवर्तन नहीं हो जाते। योग्य, सेवाभावी, समर्पित, नीतिमान और धर्मभीरु लोगों को पदभार सौंपकर ही हम धर्मसंघ और समाज की भलाई कर सकते हैं। नजरबाद स्थित गुरु भवन में मंगलवार को बेंगलूरु, चेन्नई, मैसूर, हैदराबाद, मुम्बई, सूरत, अहमदाबाद आदि क्षेत्रों के धर्मसंघों के पदाधिकारियों और विविध सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को मार्गदर्शन देते हुए जैनाचार्य ने कहा कि आज धार्मिक-सामाजिक, दोनों क्षेत्रों के पदाधिकारियों में आपसी ईर्ष्या, मनमानी, अहंकार और दुर्भावनाएं व्यापक मात्रा में देखने को मिल रही है। अयोग्य और अज्ञानी लोग पदाधिकारी बनकर समाज का भारी नुकसान कर रहे हैं। ऐसी विकट परिस्थितियों में अच्छे और बुद्धिमान लोगों की उदासीनता दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके खतरनाक परिणाम दिखाई दे रहे हैं।

आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि योग्य और ज्ञानी आचार्यों के अंकुश व मार्गदर्शन के बिना समाज व धर्मसंघों का भविष्य उज्ज्वल नहीं होगा। सिर्फ वर्षावास करवाने, मंदिर या सामाजिक इमारतें बना देने अथवा छोटे-बड़े धार्मिक अनुष्ठानों के आयोजन कर लेने मात्र से समुचित धार्मिक या सामाजिक उन्नति नहीं हो जाती। समाज व धर्म व्यवस्थाओं के भीतरी ढांचे में सकारात्मक परिवर्तन होने आवश्यक हैं। सांप्रदायिकता, कट्टरता, मनमानी, दुर्भावनाएं या सत्ता प्राप्ति का ध्येय, सामाजिक विकास के द्योतक नहीं हैं। पदाधिकारियों की समुचित शिक्षा-दीक्षा होनी चाहिएं। सद्गुरु के सान्निध्य में उन्हें धर्मशास्त्रों का अध्ययन करना चाहिये। उन्हें गुण और दोष का भेदविज्ञान आना चाहिये।

मूर्ख लोगों के हाथों में धर्म या समाज की बांगडोर सौंपने का अर्थ है सर्वनाश। धर्मशास्त्रों में पदाधिकारियों के बारे में विस्तार से मार्गदर्शन उपलब्ध है। आज तो जाति, भाषा, क्षेत्र, पंथ, संख्याबल और वर्गों के आधार पर गलत लोग आसानी से पदाधिकारी बन जाते हैं। इस अवसर पर गणि पद्मविमलसागरजी ने भी धर्मशास्त्रों के आधार पर मार्गदर्शन दिया।

# रोहित ने द्रविड़ का आभार व्यक्त किया, कहा आपने अपनी उपलब्धियां हावी नहीं होने दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




नई दिल्ली/भाषा। भारत के टी20 विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा ने टीम के पूर्व मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को भावनात्मक विदाई देते हुए मानव प्रबंधन कौशल और स्टार खिलाड़ी की अपनी छवि को काम पर हावी नहीं होने देने के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

लगभग तीन वर्ष तक मुख्य कोच रहे द्रविड़ ने अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप में टीम को चैंपियन बनाने के बाद अपना पद छोड़ दिया था।

रोहित ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने पहले कप्तान द्रविड़ के बारे में अपने इंस्टाग्राम पेज पर लिखा,'' मेरी पत्नी (रितिका सजदेह) आपको मेरी 'वर्क वाइफ' कहती है और मैं भाग्यशाली हूं जो मैं आपको ऐसा कह कर बुलाने का हक रखता हूं।'' रोहित की इस पोस्ट से भारतीय ड्रेसिंग रूम में खिलाड़ी और कोच के बीच सामंजस्य का भी पता चलता है। भारतीय कप्तान ने आगे लिखा,''इस पर अपनी भावनाएं व्यक्त करने के लिए मैं उचित शब्द खोजने की कोशिश कर रहा हूं लेकिन मुझे यकीन नहीं है कि मैं ऐसा कर पाऊंगा।'' उन्होंने कहा,''आप इस खेल के सच्चे दिग्गज खिलाड़ी हो लेकिन आपने अपनी उपलब्धियों को पीछे छोड़कर हमारे कोच का पद संभाला और आप उस स्तर पर पहुंचे जिससे हम आपके साथ सहजता से बात कर सके।''

रोहित ने लिखा,'' यह आपका उपहार, आपकी विनम्रता और इतने समय के बाद भी इस खेल के प्रति आपका प्यार है।''

रोहित ने 2007 में डबलिन में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था और तब द्रविड़ भारतीय टीम के कप्तान थे। द्रविड़ ने हाल में खुलासा किया था कि पिछले साल वनडे विश्व कप के फाइनल में हारने के बाद रोहित ने उन्हें पद नहीं छोड़ने के लिए कहा था।

रोहित ने कहा,''मैं बचपन से ही अरबों अन्य लोगों की तरह आपका सम्मान करता हूं लेकिन मैं भाग्यशाली हूं जो मुझे आपके साथ इतने करीब से काम करने का मौका मिला। मैंने आपसे बहुत कुछ सीखा और मैं हर याद को संजोकर रखूंगा।'' भारतीय कप्तान ने खुशी व्यक्त की कि उन दोनों ने टी20 विश्व कप जीत पर अपना लक्ष्य हासिल किया। उन्होंने कहा,''आपकी कई उपलब्धियों में इसकी कमी थी और मैं बहुत खुश हूं कि हमने मिलकर इसे हासिल किया। '

### पटाखा फैक्टरी में विस्फोट से दो मजदूरों की मौत

चेन्नई। तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के एक गांव में मंगलवार को एक पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई और दो अन्य श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक, मृतकों की पहचान पी मरियप्पन और पी मुथुमुरुगन के रूप में हुई है।

## सीरवी समाज यलहंका वडेर में एक्युप्रेशर चिकित्सा शिविर शुरू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के सीरवी समाज वडेर यलहंका में डॉ. राम मनोहर लोहिया आरोग्य जीवन संस्थान, हनुमानगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में रियायती दर पर एक्युप्रेशर व मैग्नेटिक तकनीक से इलाज का 6 दिवसीय शिविर का आयोजन मंगलवार को शुरू हुआ। विशेषज्ञ टीके चौधरी ने बताया की एक्युप्रेशर तकनीक से सिरदर्द, कमर दर्द, साइटिका दर्द, डायबिटीज, थायरॉइड, अस्थमा आदि का इलाज किया जाएगा। सीरवी समाज यलहंका वडेर के अध्यक्ष मोहनलाल सैंणचा, उपाध्यक्ष मांगीलाल परिहार, सचिव अशोककुमार पंवार, सहसचिव खेताराम सेपटा, कोषाध्यक्ष, भुण्डाराम राठौड़, सहकोषाध्यक्ष प्रकाश सिंदडा आदि उपस्थित रहे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**नियुक्ति**

बेंगलूरु के गौड़ ब्राह्मण संघ कर्नाटक के वरिष्ठ सदस्य एवं समाजसेवी राधेश्याम शर्मा को लायन्स क्लब सारक्की का चेयरमैन बनाया गया। क्लब के अध्यक्ष पीके नवीन,प्रबंधक द्वारकानाथ व कोषाध्यक्ष नन्दिनी जितेन्द्र ने उनका सम्मान किया।

**मानव सेवा** — दक्षिण भारत राष्ट्रमत




बेंगलूरु के राजस्थान परिषद के मंत्री विनय बैद, संयोजक दीपक गोठी व मोहित बोथरा ने मासिक सेवा आयाम के अन्तर्गत केजी रोड स्थित पुंज सिंधी पंचायत में कमलेश भरत डूंगरवाल के सौजन्य से ज़रूरतमंद लोगों के लिए अन्नदान सेवा में 300 लोगों को अन्नदान दिया। सिधी पंचायत के पूर्व अध्यक्ष राम कपाई ने अन्नदान कार्यक्रम की शुरुआत की।

# पेरिस ओलंपिक में भी भारतीय खिलाड़ी अपना दम दिखाएंगे : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मॉस्को/भाषा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने टी20 विश्व कप क्रिकेट में भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन का उल्लेख करते हुए मंगलवार को विश्वास जताया कि पेरिस ओलंपिक में भी भारतीय खिलाड़ी अपना दम दिखाएंगे।

यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने युवाओं के आत्मविश्वास को भारत की 'असली पूंजी' करार दिया और कहा कि यही युवा शक्ति देश को 21वीं सदी की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का सबसे बड़ा सामर्थ्य रखती है।

प्रधानमंत्री ने भारतीय समुदाय के लोगों से कहा कि निश्चित तौर पर उन्होंने भी भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 विश्व कप क्रिकेट का फाइनल मुकाबला देखा होगा और जीत का जश्न भी मनाया होगा। उन्होंने कहा, ''विश्व कप जीतने की असली कहानी जीत की यात्रा भी है।

आज का युवा और आज का युवा भारत आखिरी बॉल तक और आखिरी पल तक हार नहीं मानता है। और विजय उन्हीं के चरण चूमती है जो हार मानने को तैयार नहीं होते हैं।''

भारत ने बारबाडोस में संपन्न हुए फाइनल मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को पराजित कर अपना दूसरा टी20 विश्व कप जीता और आईसीसी ट्रॉफी का 11 साल का इंतजार खत्म किया। भारत ने पिछला आईसीसी खिताब 2013 में जीता था जब उसने महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी।

भारत की इस जीत का जश्न देशभर में मनाया गया। भारत पहुंचने पर खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत हुआ। प्रधानमंत्री ने भी खिलाड़ियों से मुलाकात की थी। इसके बाद भारतीय टीम के स्वागत के लिए मुंबई में विजय जुलूस (विक्ट्री परेड) भी निकाला गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भावना सिर्फ क्रिकेट तक ही सीमित नहीं है बल्कि दूसरे खेलों में भी दिख रही है।

पिछले 10 सालों में विभिन्न अंतरराष्ट्रीय स्पर्धा में भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन को 'ऐतिहासिक' करार देते हुए उन्होंने कहा कि इस बार पेरिस ओलंपिक में भी भारत की तरफ से एक शानदार टीम भेजी जा रही है। उन्होंने कहा, ''आप देखिएगा, पूरी टीम... सारे खिलाड़ी कैसे अपना दम दिखाएंगे। भारत की युवा शक्ति का यही आत्मविश्वास भारत की असली पूंजी है। और यही युवा शक्ति भारत को 21वीं सदी की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का सबसे बड़ा सामर्थ्य रखती है।''

पेरिस ओलंपिक 26 जुलाई से 11 अगस्त के बीच खेले जायेंगे। भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन तोक्यो ओलंपिक में रहा है जिसमें भालाफेंक में नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण समेत सात पदक जीते।

भारत के 100 से अधिक खिलाड़ियों ने ओलंपिक के लिये क्वालीफाई किया है जिसमें 21 निशानेबाज हैं।




## जनता की समस्याओं का समाधान 'नियोजित गतिरोध' से नहीं, बल्कि आपसी संवाद से होगा : लोकसभा अध्यक्ष

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने देश के स्थानीय निकायों में पक्ष और विपक्ष के बीच संवाद बढ़ाने की जरूरत पर जोर देते हुए मंगलवार को कहा कि आम लोगों की समस्याओं का समाधान सदनों के भीतर नियोजित गतिरोध से नहीं, बल्कि आपसी संवाद से होगा।

बिरला ने स्थानीय जन प्रतिनिधियों के साथ बातचीत के कार्यक्रम में कहा,'' मैं चाहता हूं कि इंदौर नगर निगम का सदन उच्च कोटि के संवाद और नवाचारों के कारण अन्य नगर पालिकाओं, नगर परिषदों और पंचायतों के लिए मार्गदर्शक बने क्योंकि नियोजित गतिरोध या सदन की आसंदी के पास आकर हल्ला-गुल्ला और नारेबाजी करने से लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं होगा।'' उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान सदनों में पक्ष-विपक्ष के बीच संवाद के जरिये सहमति-असहमति जताने से होगा।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा,''सदनों में सबके विचार और मत सामने आने से हमें कार्य करने में स्पष्टता हासिल होती है, सरकार और प्रशासन की जवाबदेही तय होती है, कार्यपालिका में निष्पक्षता आती है और इसमें ईमानदारी लाने के लिए जवाबदेही भी तय की जा सकती है।'' उन्होंने भारत की सशक्त लोकतांत्रिक परंपराओं का हवाला देते हुए कहा कि नई दिल्ली में जी-20 संसदीय अध्यक्षों के पिछले साल आयोजित शिखर सम्मेलन (पी-20) के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत की निष्पक्ष, पारदर्शी और जवाबदेह लोकतांत्रिक पद्धति के बारे में चर्चा की थी जिसके बाद कई देशों के प्रतिनिधिमंडल पिछले लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के गवाह बनने के लिए भारत आए।

बिरला ने कहा कि देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है।

लोकसभा अध्यक्ष ने कहा,''स्थानीय निकायों की भी जिम्मेदारी है कि वे जनता की अपेक्षाओं और आकांक्षाओं पर खरे उतरते हुए इस भरोसे में इजाफा करें। इसके लिए हमें स्थानीय निकायों के सदनों में एक तंत्र विकसित करने की आवश्यकता है।

बिरला ने यह भी कहा कि नगर निगमों की परिषदों की बैठकों की कार्यवाही भी विधानसभाओं के स्तर की होनी चाहिए जिसमें प्रश्नकाल और शून्यकाल में पानी और सीवरेज जैसी बुनियादी समस्याओं के साथ ही नवाचारों पर पूरे दिन चर्चा होनी चाहिए।

# केंद्रीय मंत्री एल मुरुगन ने लगाया तमिलनाडु में दलितों के 'व्यापक उत्पीड़न' का आरोप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन ने मंगलवार को आरोप लगाया कि तमिलनाडु में दलितों के खिलाफ बड़े पैमाने पर अत्याचार हो रहे हैं और द्रमुक सरकार के शासन में राज्य में राजनीतिक नेता भी सुरक्षित नहीं हैं।

मुरुगन ने यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी की प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष वी पी दुरईसामी के नेतृत्व में तमिलनाडु भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल शाम को राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से संपर्क करेगा और उनसे मामले में उचित कार्रवाई करने का आग्रह करेगा। संवाददाता सम्मेलन में दुरईसामी सहित भाजपा की तमिलनाडु इकाई के वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

मुरुगन ने आरोप लगाया, मई 2021 में द्रमुक के सत्ता में आने के बाद तमिलनाडु में दलितों के खिलाफ अत्याचारों में जबरदस्त वृद्धि हुई है। एक सर्वेक्षण के अनुसार, राज्य में हर साल दलितों के खिलाफ अत्याचार के 2,000 से अधिक मामले दर्ज किए जाते हैं। उन्होंने 2022 से दलितों के खिलाफ कथित अत्याचार की घटनाओं और राज्य में भाजपा नेताओं पर हमले और हत्या की कुछ घटनाओं का जिक्र करते हुए इसके लिए मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की पूर्ण विफलता को जिम्मेदार ठहराया।

मुरुगन ने कहा, हाल ही में दलित नेता और बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की हत्या कर दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि द्रमुक सरकार के शासन में राज्य में राजनीतिक नेता भी सुरक्षित नहीं हैं। उन्होंने कहा, अनुसूचित जाति के नेताओं और लोगों की कोई सुरक्षा नहीं है। द्रमुक सरकार में उन्हें उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अप्रैल 2023 में तमिलनाडु भाजपा के कोषाध्यक्ष शंकर की हत्या कर दी गई, उसके बाद अगस्त 2023 में एक छात्र की क्रूर हत्या की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि एक अन्य घटना में एक स्थानीय द्रमुक पदाधिकारी ने भाजपा तमिलनाडु युवा शाखा के नेता जगन पांडियन पर घातक हमला किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, दुरईसामी के नेतृत्व में भाजपा तमिलनाडु इकाई का एक प्रतिनिधिमंडल आज इस संबंध में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को एक ज्ञापन सौंपने जा रहा है, जिसमें उनसे मामले में उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया जाएगा।

मुरुगन ने कहा कि द्रमुक का दावा है कि वह सामाजिक न्याय की प्रणेता है, लेकिन सत्तारूढ़ पार्टी राज्य में सामाजिक न्याय के विचार का पालन नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु अस्पृश्यता उन्मूलन मोर्चा द्वारा किए गए सर्वेक्षण से पता चला है कि 22 गांवों में पंचायत अध्यक्षों को जातिगत भेदभाव के कारण कुर्सी नहीं दी गई और उन्हें अपने कर्तव्यों का पालन करने से रोका गया।

## एसआईटी ने एसटी विकास निगम घोटाले के संबंध में पूर्व मंत्री से पूछताछ की

बेंगलूरु। विशेष जांच दल (एसआईटी) ने कर्नाटक राज्य वाल्मिकी अनुसूचित जनजाति विकास निगम के धन के अवैध हस्तांतरण मामले में पूर्व मंत्री बी. नागेंद्र से मंगलवार को पूछताछ की। निगम के लेखा अधीक्षक चंद्रशेखरन पी. ने 26 मई को खुदकुशी की थी, जिसके बाद यह मामला सामने आया था। नागेंद्र ने छह जून को त्याग-पत्र दे दिया था। चंद्रशेखरन ने 'सुसाइड नोट' में आरोप लगाया कि राज्य संचालित निगम के बैंक खाते से 187 करोड़ रुपये का अनधिकृत हस्तांतरण हुआ है। इसके अलावा, कुछ आईटी कंपनियों और हैदराबाद स्थित सहकारी बैंक के विभिन्न खातों में अवैध रूप से 88.62 करोड़ रुपये जमा किए गए। राज्य सरकार ने इसकी जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। वहीं यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शिकायत के आधार पर केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) भी इसकी जांच कर रहा है। एसआईटी ने नागेंद्र से पांच घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। वह अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग का जिम्मा संभाल रहे थे। इस बीच निगम के दो निलंबित अधिकारियों के मध्य कथित तौर पर पैसे के लेनदेन से संबंधित बातचीत के दो ऑडियो क्लिप वायरल हो गए हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने कहा कि उन्हें ऑडियो के बारे में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि जांच जारी है और इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं किया जाएगा।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com